जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 45 संख्याः 265 प्रभात बीकानेर, शनिवार 20 अप्रेल, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.

# राज्य की बारह सीटों पर मतदान के बाद, कांग्रेस का मनोबल कुलाचें मार रहा है

## अब कांग्रेस का आकलन है कि, वह चुरू, झुंझुनूं व दौसा जीत रही है

-रेणु मित्तल-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अप्रेल। राजस्थान के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आज वोट डाले गए।

कांग्रेस विशेष रूप से उत्साहित है।

आकलन ये है कि कांग्रेस चूरू, झुंझुनूं और दौसा में जीत रही है।

कांग्रेस पार्टी, जयपुर ग्रामीण और सीकर में कड़ी टक्कर दे रही है। कांग्रेस ने सीकर सीट अपने गठबंधन सहयोगी माकपा को दी हुई है।

इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए पिछले दो लोकसभा चुनावों की तुलना में बिल्कुल ही अलग स्थिति है जिनमें कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था।

आगामी 26 अप्रेल को राजस्थान में होने जा रहे मतदान के दूसरे चरण में भी कांग्रेस को कुछ सीटें जीतने की उम्मीद है।

राजस्थान में भाजपा ने हाल ही विधानसभा चुनाव जीता है, लेकिन राज्य की जनता का मूड इस बार अपेक्षाकृत फीका है और भाजपा भी स्वयं को सक्रिय करने में विफल रही है।

इसके साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने इस बार कड़ी चुनौती है।

- इसी लय में कांग्रेस का यह भी मानना है कि, जयपुर ग्रामीण व सीकर में भी कड़े संघर्ष में है। जैसा कि विदित ही है, सीकर की सीट कांग्रेस ने गठबंधन में मार्क्सवादी पार्टी को दी है।
- कांग्रेस को यह भी आशा है कि, मतदान के अगले चरण में, जो कि 26 अप्रैल को होगा, वह कुछ और सीट भी जीत सकती है।
- कांग्रेस यह विश्वासपूर्वक कह रही है कि, राजपूत, जाट, गुर्जर, मुसलमान व किसी हद तक अनुसूचित जातियां भी भाजपा के खिलाफ हो गयी हैं।
- और यह परिवर्तन बहुत मजबूती से यू.पी. में देखा जा सकता है।
- गत लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 62 सीटें जीती थीं यू.पी. में।
- बंगाल में मतदान का प्रतिशत काफी बढ़ा है और भाजपा का मानना है कि, बढ़े हुए मतदान प्रतिशत के कारण वह बंगाल में गत चुनाव के मुकाबले ज्यादा सीटें जीतेगी। पर यह खबर भी आ रही है कि, ममता बनर्जी जम कर लड़ रही हैं और अन्ततोगत्वा उनकी सीटें कम नहीं होगी।
- तमिलनाडू व केरल में भाजपा का प्रयास है कि, प्र.मंत्री मोदी के भारी फोकस के कारण वह कुछ सीटें जीत कर नया इतिहास बनायेगी, पर, वर्तमान में शायद नया इतिहास बनाने का सपना पूरा नहीं हो सकेगा।

राजपूत, जाट, गुर्जर, मुस्लिम और कुछ हद तक दलित भी भाजपा के खिलाफ हो गए हैं।

उत्तर प्रदेश, जो कि अब तक भाजपा की रीढ़ की हड्डी रहा है, में जातिगत, समीकरण प्रकट रूप से काफी मजबूती से दिखते हैं।

पिछली बार भाजपा ने उत्तर प्रदेश में 62 लोकसभा सीटें जीती थीं और उस आंकड़े में इस बार अच्छी-खासी गिरावट की संभावना है।

मजेदार बात यह है कि उत्तर प्रदेश के अलावा सभी की निगाहें पश्चिम बंगाल पर हैं, जहाँ पिछली बार भाजपा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अमेठी ने रिजैक्ट किया तो राहुल वायनाड आए हैं'

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को केरल के वायनाड में जबरदस्त रोड शो किया, यहां से उनकी पार्टी ने केरल भाजपा के अध्यक्ष के. सुरेन्द्रन को कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा है।

उन्होंने दावे के साथ कहा कि राहुल यहां उत्तर प्रदेश से हैं वे अपनी खानदानी अमेठी सीट छोड़ आए हैं क्योंकि अमेठी के लोगों ने उन्हें अस्वीकार कर दिया है।

नड्डा ने कहा: "राहुल गांधी भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद एवं तुष्टिकरण

- भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने राहुल गांधी के खिलाफ वायनाड में एक सभा में कहा।

को बढ़ावा देते हैं। राहुल गांधी, भ्रष्ट व्यक्तियों के साथ जुड़े रहे हैं, और वे स्वयं भी भ्रष्टाचार के मुकदमों में जमानत पर बाहर हैं। वो केवल वोट बैंक की राजनीति में संलिप्त रहते हैं, यही वो कारण है जिसकी वजह से कांग्रेस सी.ए.ए. का विरोध कर रही है।"

उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस एस.डी.पी.आई. के समर्थन से चुनाव लड़ रही है, जो कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पी.एफ.आई. की राजनीतिक पार्टी है इसके साथ ही कांग्रेस इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग से भी समर्थन प्राप्त कर रही है। एस.डी.पी.आई. ने राज्य विधानसभा के चुनावों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भाजपा राजनीति नहीं राष्ट्र निर्माण का कार्य करती है'

नई दिल्ली, 19 अप्रेल। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है और भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करती है, न कि महज सत्ता पाने के लिए। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी के लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले पार्टी की एक सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान अर्थव्यवस्था के संबंध में सब कुछ अच्छा दिखाने का दबाव होता था।

उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हस्तक्षेप के कारण रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चार घंटे से अधिक समय तक रुका रहा ताकि भारत अपने नागरिकों को निकाल सके। सिंह ने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस पूरी तरह अप्रासंगिक हो चुकी है। कांग्रेस भारतीय राजनीति में लगातार अपनी प्रासंगिकता खो रही है। कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त है। जब राजनीति की बात आती है तो भाजपा जाति, पंथ और धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि न्याय और मानवता के आधार पर सियासत करती है।

उन्होंने कहा, जहां तक भाजपा की बात है, हम महज सरकार बनाने के लिए राजनीति नहीं करते। हमारी पार्टी राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करती है।

उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। उन्होंने लोगों से सिकंदराबाद में किशन रेड्डी और मल्काजगिरि में एटला राजेंदर के लिए वोट करने और उन्हें भारी अंतर से जिताने का आग्रह किया। बाद में भाजपा उम्मीदवार टी. विनोद राव के नामांकन दाखिल करने से पहले राजनाथ सिंह ने यहां से लगभग 200 किलोमीटर दूर खम्मम में एक रैली को संबोधित किया।

# फिलीपींस ने भारत से खरीदी ब्रम्होस मिसाइल

नई दिल्ली, 19 अप्रेल। भारत की सैन्य शक्तियों से प्रभावित होकर फिलीपींस ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की इच्छा जताई थी। अब भारत की तरफ से ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंप दी गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, दक्षिण पूर्व एशियाई देश फिलीपींस के साथ इस हथियार प्रणाली की आपूर्ति के लिए 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करार होने के दो साल के बाद आपूर्ति होने जा रही है। एएनआई द्वारा ट्वीट की गई तस्वीरों की मानें तो भारतीय वायुसेना के एक सैन्य परिवहन विमान को मिसाइल और लांचरों को लेकर फिलीपीन की नौसेना को सौंपने के लिए रवाना किया गया है। भारत ने जनवरी 2022 में मिसाइल की तीन बैटरी की आपूर्ति के लिए फिलीपीन के साथ करार किया था। फिलीपींस पहला देश है जिसे भारत अत्याधुनिक ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति की है।

यह डील जनवरी 2022 में हुई थी। इस डील के साथ भारत ने रक्षा क्षेत्र में खुद को एक बडे निर्यातक के तौर पर पेश किया है। यह भारत और रूस द्वारा विकसित ब्रह्मोस मिसाइल का पहला निर्यात ऑर्डर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइलें भले ही शुक्रवार को फिलीपींस पहुंच जाएगी, लेकिन इसका पूरा सिस्टम अगले सप्ताह तक एक्टिव हो सकता है।

भारत ने 2024-25 तक 35,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है।

रक्षा मंत्रालय ने 1 अप्रैल को कहा था कि भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 32.5 बढ़ा है और पहली बार 21,000 करोड़ रुपये का आंकडा पार कर गया।

भारत अब अपनी सेना को अत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ सैन्य निर्यात को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारत वर्तमान में लगभग 85 देशों को सैन्य हार्डवेयर निर्यात कर रहा है, जिसमें लगभग 100 स्थानीय कंपनियां शामिल हैं।

# बोर्ड किसी राजनीतिक दल का समर्थन या विरोध नहीं करता: मौलाना मुजद्दिदी

नयी दिल्ली, 19 अप्रैल (वार्ता) ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड कभी भी किसी राजनीतिक दल का विरोध या समर्थन नहीं करता है।

बोर्ड महासचिव मौलाना मुहम्मद फजल-उर-रहीम मुजद्दिदी ने यह स्पष्टीकरण शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सैयद अली मुहम्मद नकवी द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को समर्थन देने की बात सामने आयी है, यह उनकी निजी राय हो सकती है, लेकिन इसका ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने विधान परिषद सदस्य डॉ खालिद अनवर के बोर्ड के पदाधिकारियों के बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को समर्थन देने संबंधी बयान को भी पूरी तरह से निराधार बताया है और कहा है कि डॉ अनवर ने गलत बयानी की है।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की स्थापना के बाद से ही ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने संविधान की रोशनी में खुद को संसदीय राजनीति से दूर रखा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड कभी भी किसी पार्टी विशेष का समर्थन या विरोध नहीं करता।

# शिक्षक भर्ती पेपरलीक केस में ई.डी. कोर्ट ने प्रसंज्ञान लिया

जयपुर, 19 अप्रैल। ईडी मामलों की विशेष अदालत ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पांच आरोपियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रसंज्ञान लिया है। ईडी ने पांचों

- ई.डी. ने पुखराज, पीमाराम, सुरेश कुमार, विजय डामोर और अरूण शर्मा के खिलाफ मनी लॉन्डरिंग के संबंध में पूरक अभियोजन शिकायत पेश की थी।

आरोपियों पुखराज, पीमाराम, सुरेश कुमार, विजय डामोर और अरुण शर्मा के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम, 2022 के तहत पूरक अभियोजन शिकायत पेश की थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल व केरल के मु.मंत्री के बीच कटुता शुत्रता तक पहुंच गयी है

## राहुल ने आमसभा में कहा, "मैं भाजपा की आलोचना चौबीस घंटे करता हूँ, पर मु.मंत्री विजयन चौबीस घंटे मेरी ही आलोचना में जुटे रहते हैं, यह माजरा क्या है"

-श्रीनंद झा-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अप्रेल। राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन सहयोगी और राज्य में राजनीतिक प्रतिद्वंदी, इस स्थिति में यह उम्मीद करना उचित ही था कि, सी.पी.एम. (माकपा) और कांग्रेस पार्टी दक्षिण के राज्य केरल के चुनावी युद्ध में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। लेकिन, कांग्रेस नेता राहुल गाँधी और केरल के मुख्यमंत्री पिनारी विजयन के बीच जिस हद तक कटुता है, उसे देखकर लोग चकित हैं।

हाल ही में कन्नूर की एक चुनाव रैली में, केन्द्रीय जाँच एजेन्सियों द्वारा विजयन की गिरफ्तारी की मांग करते हुए राहुल गाँधी ने कहा, "दो मुख्यमंत्री जेल में हैं, पर, केरल के मुख्य मंत्री विजयन आराम से स्वतंत्र घूम रहे हैं।" भाजपा के साथ विजयन के "लिंक" होने के संकेत देते हुए, राहुल ने आगे कहा, "वो (विजयन) कहते हैं कि भाजपा के साथ वो सैद्धांतिक लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन

- राहुल गांधी ने इसी लय में आगे कहा, दो मु.मंत्री जेल में हैं, पर, केरल के मु.मंत्री विजयन आराम से स्वतंत्र घूम रहे हैं।
- राहुल का इशारा मु.मंत्री विजयन के निजी सचिव के खिलाफ 2020 में सोने की तस्करी की गिरफ्तारी की ओर था तथा उन्होंने ई.डी. द्वारा विजयन की पुत्री को गैर कानूनी भुगतान के मामले में जांच प्रकरण की भी याद दिलाई।
- विजयन ने पलटवार करते हुए, राहुल पर कटाक्ष किया, सी.ए.ए. के मुद्दे पर राहुल व संघ परिवार का सोच व स्टैण्ड एक सा ही क्यों है।

मैं जानता हूँ कि, जब आप भाजपा के साथ सिद्धांतों पर लड़ते हैं तब वो आपके ऊपर हमला करने में अपनी पूरी ताकत लगा देती है। तथापि, केरल के मुख्यमंत्री पर कोई हमला नहीं हो रहा है। यह ऐसी बात है जिस पर केरल के लोगों को विचार करना चाहिए।"

स्पष्ट रुप से राहुल का संकेत ई.डी. द्वारा सन् 2020 में शुरु किए गए सोने की तस्करी के केस की तरफ था, जिसमें, मुख्यमंत्री के पूर्व प्रिंसिपल सैक्रेटरी को गिरफ्तार किया गया था। ई.डी. इस समय अवैध भुगतान के एक मामले की जाँच कर रही है जिसमें विजयन की बेटी शामिल हैं। राहुल गाँधी ने कहा, "मैं चौबीस घंटे भाजपा पर हमले कर रहा हूं और केरल के मुख्यमंत्री चौबीस घंटे मेरे ऊपर आक्रमण कर रहे हैं। यह कुछ अटपटा है।"

अपनी तरफ से विजयन ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। बुधवार को पलक्कड में एक रैली में विजयन ने पूछा, "कांग्रेस पार्टी और विशेष रुप से राहुल गांधी सिटिज़नशिप अमैन्डमैंट एक्ट (सी.ए.ए.) पर चुप क्यों है, जबकि, पिछले महीने ही इसके नियम अधिसूचित किए जा चुके हैं। कांग्रेस को यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि, सी.ए.ए. के बारे में उनका रुख भी वही है जो संघ परिवार का है।"

विजयन की इस आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए, केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता, वी.डी. सतीसन ने आरोप लगाया कि, मुख्यमंत्री विजयन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कृपा दृष्टि पाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "केरल के लोग यह समझ सकते हैं और देख सकते हैं कि, उनका उद्देश्य कांग्रेस को कमज़ोर करने का है।"

# डी.एम.के. विजय रथ को रोकने की क्षमता केवल अभिनेता राजनीतिज्ञ सीमान में है?

-लक्ष्मण वैंकट कुची-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अप्रेल। तमिलनाडू के चुनावों में द्रमुक के विपक्षी गठबंधन इंडिया की संभावनाओं को अगर कोई बनाया बिगाड़ सकता है तो वह एक्स फैक्टर है एक्टर से राजनेता बने सीमान व उनकी पार्टी नाम तिमझार काची की मौजूदगी

भाषण कला में माहिर इस वक्ता के कुछ ऐसे कठोर ओर शक्तिशाली विचार हैं जो तमिलों को प्रभावित कर सकते हैं और उनमें ऐसी ताकत है कि लोकसभा के चुनावों में बहुत ही कांटे की टक्कर में भी अपना प्रभाव दिखा सकते हैं। वह और उनकी पार्टी तमिलनाडू की समस्त 39 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पड्डुचेरी केन्द्र शासित क्षेत्र में भी लड़ रही है तथा पार्टी का वोट शेयर प्रदेश में 5 से 8 प्रतिशत के नज़दीक रहने की अपेक्षा है।

प्रारम्भिक रिपोर्टों के अनुसार, राज्य 60 प्रतिशत से कुछ ही अधिक मतदान हुआ है, इससे यह संकेत मिलते हैं कि मतदाताओं में ज्यादा उत्साह नहीं है और यह द्रमुक के अधिपत्य को चुनौती देने वालों के लिए समस्या खड़ी कर सकता है। अन्नाद्रमुक एवं भाजपा दोनों के बीच चुनावी गठबंधन टूट जाने से अब तमिलनाडू में चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

- सीमान की पार्टी, जिसके पास लगभग 5.8 प्रतिशत वोट हैं, स्वयं तो सीट नहीं जीत सकती लोकसभा चुनाव में, पर डी.एम.के. के वोट बैंक में सेंध लगाकर कांटे की टक्कर वाली सीट हरवा सकती है।
- सीमान स्वयं एक प्रभावशाली वक्ता हैं, अपने भाषणों में डी.एम.के. से भी ज्यादा "नॉर्थ" विरोधी हैं।
- उदाहरण के लिये, वे राम मंदिर विरोधी हैं तथा राम के मुकाबले स्थानीय देवता मुरूगन व शिव को खड़ा करते हैं।

परन्तु सीमान फैक्टर, जो कि चौथा एक्स फैक्टर है उसको अधिकांशत: चुनाव विश्लेषणकर्ताओं ने अपना आकलन करते समय पूर्णरूप से नज़र अंदाज़ कर दिया था, हाँ, बहुत सारे चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों के अनुसार द्रमुक को उम्मीद थी कि वे आसानी से अपने गढ़ में जीत जाएंगे, क्योंकि भाजपा का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पहले चरण में 62.37 फीसदी मतदान

नई दिल्ली, 19 अप्रैल (वार्ता)। भारत की 18वीं लोक सभा के चुनावों के पहले चरण में शुक्रवार को 102 सीटों के लिये हुये मतदान में 62.37 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

लोकसभा की 102 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरे कुल 1625

- त्रिपुरा में सर्वाधिक 80.17 फीसदी मतदान हुआ, बिहार में सबसे कम 48.50 प्रतिशत मतदाता ही वोट डालने पहुँचे।

उम्मीदवारों का चुनावी भविष्य इलैक्ट्रानिक मतदान मशीनों के मेमोरी कार्ड में लॉक हो गया है। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, सर्बानंद सोनोवाल, अर्जुन राम मेघवाल और भूपेन्द्र यादव सहित आठ केन्द्रीय मंत्री भी शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'तीन दिन में अरूणा रॉय व निखिल डे की अर्जी पर निर्णय लेंगे'

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अप्रेल। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश जारी कर राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सक्षम प्राधिकरणों को निर्देश दिए कि चुनावों को लेकर जनता को शिक्षित करने के उद्देश्य से संचालित की जाने वाली यात्राओं या सार्वजनिक सभाओं की अनुमति चाहने वाले आवेदनों पर तीन दिन के भीतर निर्णय लिया जाए।

जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस संदीप मेहरा की एक बैंच ने एक याचिका पर यह निर्देश दिए। याचिका में मांग की गई थी कि वर्तमान में जारी लोकसभा चुनावों के आधार पर ही आपराधिक आचार संहिता (सी.आर. पी.सी.) की धारा 144 के अन्तर्गत जो प्रतिबंधी आदेश जारी किए गए थे, उन्हें रद्द किया जाए।

बैंच ने इस प्रकरण की सुनवाई दो हफ्ते बाद तय करते हुए इस पर आश्चर्य व्यक्त किया कि चुनावों के दौरान किसी सभा को निषिद्ध करने के लिए आदेश दिए जा रहे हैं। उसने प्रश्न किया कि ऐसे आदेश कैसे दिए जा सकते हैं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा रॉय और निखिल डे की ओर उपस्थित एडवोकेट प्रशांत भूषण ने बैंच को बताया कि पिछले छह माह से चुनाव आयोग द्वारा चुनावों की घोषणा से लेकर चुनाव परिणाम आने तक के लिए सी.आर. पी.सी. की धारा 144 के तहत पूर्ण आदेश जारी किए जाते रहे हैं।

बैंच को बताया गया कि इस प्रकार के आदेश चुनावों के दौरान लोगों के एकजुट होने, सभाएं करने और प्रदर्शन करने को प्रतिबंधित करते हैं।

भूषण ने कहा कि अरूणा रॉय और निखिल डे, दोनों ने ही पिछले वर्ष के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों के बारे में

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, राज्य सरकार व मजिस्ट्रेट, चुनाव के पहले किसी भी प्रकार की यात्रा, धरना या सभाएं आयोजित करने पर "ब्लैंकेट ऑर्डर" पास कर देती है, "यह कैसे हो सकता है"?
- सुप्रीम कोर्ट के अनुसार चुनाव आयोजित करना कोई जायज़ कारण नहीं है, सब प्रकार के धरने, प्रदर्शन सभा व यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का।
- सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि, शायद ये आदेश "मैकैनिकली" जारी किये गये हैं, क्योंकि सैक्शन 144 लागू करने के लिये न तो गहरायी से सोचा गया है, न ही इस बात के पक्ष में कारण बताये गये हैं कि, चुनाव की तिथि घोषित हो जाने से चुनाव के नतीजे आने तक, क्यों धारा 144 लगाना आवश्यक है।

शिक्षित करने के लिए एक "यात्रा" के संचालन की अनुमति मांगी थी।

लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन को ऐसे आवेदनों पर एक नियत समय के भीतर निर्णय लेना चाहिए।

सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा रॉय और निखिल डे ने शीर्ष अदालत की शरण लेकर उससे अनुरोध किया है कि वह लोकसभा अथवा विधानसभा के किसी भी चुनाव से पूर्व मजिस्ट्रेटों और राज्य सरकारों द्वारा धारा 144 के तहत मनमाने आदेश जारी किए जाने पर प्रतिबंध लगाए। इन आदेशों के तहत चुनाव परिणाम की घोषणा तक जनता द्वारा सभाएं व सम्मेलन करने और जुलूस निकालने और धरना देने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है।

अरूणा रॉय और निखिल डे की याचिका में कहा गया है कि ये निषेधात्मक आदेश चुनावों से पूर्व किसी मुद्दे पर मुक्त चर्चा करने, उसमें भाग लेने और उसका आयोजन करने अथवा उसे आगे बढ़ाने में सभ्य समाज और आमजन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं।

वर्ष 1973 के कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर (सी.आर.पी.सी.) की धारा 144 किसी राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश के कार्यकारी मजिस्ट्रेट को ऐसा आदेश पारित करने की शक्ति प्रदान करती है, जिसके तहत किसी क्षेत्र में हाल ही हुई असामाजिक घटना अथवा उससे आसन्न खतरे को रोकने के लिए वहाँ चार या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगायी जा सकती है।

चुनाव संचालित करने के लिए धारा 144 लगाना धारा 144 के ही अन्तर्गत कोई वैध आधार नहीं है और ना ही यह ऐसी कोई अत्यावश्यक स्थिति है जिसमें ऐसे व्यापक निषेधात्मक आदेश लागू किए जाने को न्यायसंगत ठहराया जा सके। याचिका में कहा गया है कि यहाँ धारा 144 के सभी आदेश विवादित हैं, उन्हें आम जनता पर निषेधाज्ञा लगाने के उचित कारण अथवा अत्यावश्यकता का औचित्य ठहराए बिना पारित किया गया है और यह वोट देने के अधिकार के साथ अवैध रूप से हस्तक्षेप करने के समान है।

याचिकाकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि ये निषेधाज्ञाएं उन लोगों सहित सभी पर लागू हैं, जिनका कोई एजेण्डा या उद्देश्य नहीं है और जो किसी राजनीतिक पार्टी अथवा प्रत्याशी से भी संबंधित नहीं है।

## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# गर्मी में इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी हलकान

यह गर्मी का मौसम है। इसमें पानी की कमी और बीमारियां आम बात है। विशेषकर मानव को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मानव गर्मी की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है मगर बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए गर्मी प्रताड़ना का काम करती है। गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों में कई प्रकार की परेशानी देखने को मिलती है क्योंकि गर्म हवा और चिलचिलाती धूप उनके लिए अनुकुल नहीं होती है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जाएगी वैसे-वैसे पशुओं और पक्षियों पर इसका असर देखने को मिलेगा। गर्मी ने धीरे-धीरे अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। ऐसे में इंसानों के साथ पशु-पक्षी भी काफी बेहाल है।

उमस होने के कारण जब इंसानों के पसीने छूट रहे हैं, ऐसे में आसमान में उड़ने वाले परिंदों पर क्या बीत रही है। गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है और इस चिलचिलाती धूप में बार-बार प्यास लगना स्वाभाविक है। मौसम अपने परिवर्तन के साथ कई प्रकार की परेशानियां लेकर आता है। तापमान का पारा दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। बढ़ती गर्मी लोगों के साथ ही पक्षियों के लिए भी बेहाल करने लगी है। पक्षी इस मौसम में ज्यादा प्रभावित होते हैं। मानव जैसे-तैसे इस भीषण गर्मी से सुरक्षित रख पाता है, लेकिन आवारा पशु व पक्षियों के लिए ये गर्मी मुश्किलें पैदा करती हैं, खाना और पानी की खोज में लगातार धूप में उड़ते रहने से वे कमजोर हो जाते हैं। इस तपती गर्मी में पेड़ों की लगातार कमी और सूखते जल स्त्रोत की वजह से पक्षी और अन्य जानवर आश्रय और दाना पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं। आदमी को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु-पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। इस गर्मी में पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए। आपको अगर ऐसा लग रहा है कि पक्षी-जानवर तो अपने लिए पानी का इंतजाम कर ही लेते होंगे। असल में ऐसा है नहीं है। एक समय था जब वे पानी की व्यवस्था कर लेते थे, क्योंकि तब उनके लिए पानी के प्राकृतिक स्त्रोत जैसे नदी, तालाब आदि थे। जो अब या तो नष्ट हो चुके हैं या गंदे हो गए हैं। गर्मी का असर पशुओं के साथ-साथ पक्षियों पर होता है।

सच तो यह है पक्षी गर्मी के झुलसते मौसम में ज्यादा प्रभावित होते हैं। खाना और पानी की खोज में लगातार धूप में उड़ते रहने से वे कमजोर हो जाते हैं। इसके अलावा पेड़ों की कटाई-छंटाई के कारण कहीं रुककर आराम करने के लिए इनके पास कोई आशियाना भी नहीं होता है। हर साल पक्षियों के गिरने या घायल होने के ढेरों मामले सामने आते हैं। इस सबके चलते हर साल गर्मियों के मौसम में पक्षियों और जानवरों की अकाल मौत हो जाती है।

गर्मियों का मौसम मानव के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए बहुत कष्टप्रद होता है।

**गर्मियों में हर साल सैकड़ों पक्षी और आवारा पशु पानी की कमी से मर जाते हैं। तेजी से कम होते प्राकृतिक जल स्त्रोत और पेड़ों की कमी से इन बेजुबानों की स्थिति विकट हो गई है। गर्मियों में पक्षियों को भी प्यास अधिक लगती है जबकि पानी की उपलब्धता कम हो जाती है। गर्मी की तपन के साथ बेजुबान जानवरों की परेशानियां बढ़ गयी। एक जमाना था जब देशभर में पानी के प्राकृतिक स्त्रोत मौजूद थे।**

इस बार मार्च की अपेक्षा अप्रैल के महीने से तेज गर्मी देखने को मिली। गर्मी ने पशु-पक्षियों को चपेट में लेना शुरू कर दिया है। पशु-पक्षियों को जिंदा रहने के लिए हर रोज पानी की जरूरत होती है। गर्मियों में हर साल सैकड़ों पक्षी और आवारा पशु पानी की कमी से मर जाते हैं। तेजी से कम होते प्राकृतिक जल स्त्रोत और पेड़ों की कमी से इन बेजुबानों की स्थिति विकट हो गई है। गर्मियों में पक्षियों को भी प्यास अधिक लगती है जबकि पानी की उपलब्धता कम हो जाती है। गर्मी की तपन के साथ बेजुबान जानवरों की परेशानियां बढ़ गयी। एक जमाना था जब देशभर में पानी के प्राकृतिक स्त्रोत मौजूद थे। मगर आज पानी के प्राकृतिक स्त्रोत न के बराबर हैं। जो बचे भी हैं उनका पानी पीने योग्य नहीं है। ऐसे में आप तो अपने घर में साफ पानी की व्यवस्था कर लेते हैं मगर जानवरों और पक्षियों को इन्हीं गंदे पानी के स्त्रोतों से प्यास बुझानी पड़ती है जिससे इनको फायदा कम होता है बल्कि ये बीमार भी हो जाते हैं।

घरों के आँगन तथा छत पर पंछियों के लिए छोटे-छोटे पात्रों में जल भरकर रखना चाहिए, जिससे गर्मी में थक कर आये पक्षी जल ग्रहण कर पुनः अनंत आकाश में गोता लगा सकें। गर्मी की तपन से इन्हें बचाने के लिए जिस तरह इंसान को शुद्ध पानी और वायु की जरूरत होती है, उसी प्रकार गर्मी में पशु, पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम लोग करते हैं, ताकि पक्षियों को भी जीवन मिल सके। पशु-पक्षियों की सेवा करने वाले लोगों का मानना है घर की छतों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने से घर में स्मृद्धि आती है। शास्त्रों में बेजुबान जानवरों की सेवा करने के लिए कहा गया है। इसका भी अपना धार्मिक महत्व है। साथ ही पशुओं और पक्षियों की सेवा करने से मन को काफी शांति मिलती है। ज्योतिष के अनुसार भी पक्षियों को पानी पिलाने के बहुत से फायदे हैं। पशु-पक्षियों को दाना और पानी खिलाने-पिलाने से भविष्य में आपके ऊपर आने वाली परेशानियां ये बेजुबान जानवर उसे अपने ऊपर ले लेते हैं। इसके अलावा यह आपके ग्रह संबंधी दोषों को भी दूर करते हैं जिससे आपकी परेशानियां कम होने लगती है।

गर्मी शुरू होते ही समाज सेवी लोग जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था करते है। आज जरुरत इस बात की है की ठीक वैसे ही पक्षियों के लिए भी प्याऊ की व्यवस्था की जाये ताकि उन्हें भी गर्मी में साफ और ठंडा पानी मिल सके। साफ पानी न मिलने से उन्हें गर्मी में ज्यादा तकलीफ होती है। पानी खत्म होते ही दूसरा पानी और गर्म होते ही ठंडा पानी भरें, ताकि जानवरों को भी शुद्ध और ठंडा पानी मिल सके। घर के बाहर या बालकनी में छांव वाली जगह पर बर्तन में पानी भरकर रखें। पानी और दाना आदि रख रहे हैं तो नियमित तौर पर इसे बरकरार रखें। इस चीज को सुनिश्चित कर लें कि पानी का बर्तन जानवर या पक्षी के आकार के लिहाज से उचित हो, ज्यादा छोटा या ज्यादा बड़ा बर्तन भी ठीक नहीं। एक समय ऐसा भी था जब लोग अपने घरों के बाहर जानवरों के लिए पानी के छोटे कुंड बनाते थे मगर शहरीकरण के कारण यह व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गयी। गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु-पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। पक्षी है तो संसार का अस्तित्व है। गर्मी और अन्य समस्याओं से पक्षियों का बचाव बहुत जरुरी है। हमें हमेशा पक्षियों के प्रति प्रेम और सद्भाव से पेश आना चाहिए।

वह भी हमारी तरह खुशी और दु:ख के भाव महसूस करतें हैं। वे बोल नहीं सकतें पर उनकी अपनी बोली है। कहीं लोग पक्षी पालतें हैं। पिंजरें में पक्षियों को रखकर पालना गलत है। पक्षी स्वभाव से आजाद है उनको आजाद छोड़ना ही सही होता है। यदि हम किसी पीड़ित पक्षी को देखें तो उसकी मदद करनी चाहिए। पक्षियों को चिकित्सक के पास ले जाकर उसका इलाज करवाना बड़े पुण्य का काम होगा। पक्षी भी पीड़ा महसूस करतें हैं। बहुत कम लोगों में पक्षी के प्रति प्रेम भावना जीवित हैं। अगर किसी में यह न भी हो तो कम से कम उन्हें तंग न करें। किसी छोटे बच्चे को किसी प्राणी पर अन्याय करते हुए देखें तो उन्हें रोकें और समझाएं।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# तीर्थंकर महावीर के सिद्धांतों की सर्वकालीन उपादेयता सर्वसिद्ध है



**भागचंद जैन मित्रपुरा**

वीर निर्वाण संवत सबसे प्राचीन जैन धर्म अनादि, शास्वत धर्म है। इस काल में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ थे एवं अन्तिम 24वें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर है। भगवान महावीर का जन्म 599 ई.पूर्व क्षत्रीय कुण्डाग्राम (कुण्डलपुर-वैशाली) वर्तमान बिहार राज्य में हुआ था। इनके पिता का नाम राजा सिद्धार्थ एवं माता का नाम रानी त्रिशला था। वर्हदमान के जन्म के समय स्वर्गलोक से जन्मोत्सव मनाने आए सौधर्म इंद्र ने बालक की शक्ति को अनुभव किया और वीर नामकरण कर दिया। महावीर के जन्म के साथ ही राज्य समृद्ध होने लगा एवं चारो ओर राज्य की कीर्ति फैलने लगी, इसे देखते हुए बालक का वर्धमान नाम रखा गया। कालांतर में दो चारण ऋद्धिधारी मुनियों का शंका समाधान वर्धमान को देखते ही स्वतः ही हो गया, उन्होंने वर्धमान को सन्मति नाम से पुकारा। गजशाला के एक मदोन्मत्त हाथी को वश में करने पर अतिवीर कहलाए।

संगम देव द्वारा भयंकर सर्प का रूप धारण कर वर्धमान की शुरवीरता की परीक्षा ली। सर्प को वश में कर लेने पर महावीर के नाम से जाने जाने लगे। महावीर जन्म से परोपकार में लग गए थे। भगवान महावीर का जन्म ऐसे समय में हुआ जब कर्मकांडों का बोलबाला था एवं यज्ञों में जीवित पशुओं की बलि दी जाती थी। महावीर धीरे-धीरे बड़े होने लगें। उन्हें अपने आत्म कल्याण का समझ में आने लगा था। इस संसार को निस्सार मानते हुए भोगों में कभी प्रवृत्त नहीं हुए और आत्म चिंतन में लीन रहने लगे। तीस वर्ष की अवस्था में ही गृह त्याग कर वन की ओर प्रस्थान कर आत्म ध्यान में लीन हो गए। लगातार 12 वर्ष 5 माह एवं 15 दिन तक तप, संयम एवं साम्यभाव की साधना की, पंचमहाव्रत आत्मसात किया।

एक दिन ऋजुकूला नदी के किनारे आत्म ध्यान में लीन थे तब अपने घातिया कर्मो का नाश कर उन्हे वैशाख शुक्ला दशमी के दिन सम्पूर्ण ज्ञान, केवल ज्ञान प्राप्त हुआ। इन्द्र की आज्ञा पाकर धनपति कुबेर ने समवशरण की रचना की। लेकिन गणधर के अभाव में छयाछठ दिन तक उनकी दिव्य ध्वनि नहीं खिरी। इंद्रभूति नामक ब्राह्मण के समवशरण में आने पर भगवान की दिव्य वाणी खिरी एवं इंद्रभूति के प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रथम उपदेश में जीव के स्वरूप का ज्ञान कराया। इंद्रभूति ही भगवान के प्रथम गणधर बने जो गौतम गणधर के नाम से प्रसिद्ध हुए। तीर्थंकर के 10 और गणधर बने। भगवान अर्ध-मागधी भाषा में तत्वों का उपदेश करते थे और गौतम गणधर उसे ग्रंथ रूप में संकलित करते थे।

महावीर ने 30 वर्षों तक देश के विविध अंचलों में पद विहार कर संत्रस्त मानवता के कल्याण हेतु अहिंसा, सत्य, अचौर्य, अपरिग्रह व ब्रह्मचर्य धर्म को आम जन में प्रसारित किया। रत्नत्रय की अवधारणा से परिचित कराया। भगवान महावीर धर्म का प्रचार करते करते पांवापुर आए, वहां योग – निरोध कर आत्मध्यान में लीन हो विराजमान हो गए। अघातिया कर्मो का नाश कर कार्तिक कृष्ण अमावस्या के दिन प्रातःकाल के समय 72 वर्ष की अवस्था में, ईसा से 527 वर्ष पूर्व निवार्ण प्राप्त किया। इस दिवस को दीपावली के रूप में मनाते है।

भगवान महावीर एक विलक्षण सम्पूर्ण जीवन दृष्टा थे। उन्होंने कर्म सिद्धांत को अपनाया, कर्म करने पर ज़ोर दिया। यह संदेश दिया कि मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। इस तरह ईश्वर की सत्ता की जगह हम सब में ईश्वर बनने की क्षमता का संचार किया। यह संदेश दिया कि हमारे सुख-दुख के लिए हम स्वंय ज़िम्मेदार है। हमारे द्वारा किये गये कर्मों का फल हमें स्वयं ही भोगना है। भगवान महावीर के सिद्धांतों में से वर्तमान परिपेक्ष में अहिंसा, अनेकांतवाद व अपरिग्रह की विशेष उपयोगिता है।

भगवान महावीर ने अहिंसा के सूक्ष्म से सूक्ष रूप का व्यापक विश्लेषण किया है। अहिंसा को जीवन शुद्धि का आधार बताया है। यदि संसार के तथाकथित शक्ति के केंद्र जैन धर्म के अहिंसा के सिद्धांत के ऊपरी आवरण का भी पालन कर ले या समझ भी ले तो रूस एवं यूक्रेन, चीन एवं ताईवान, फिलिस्तीन (हमास) एवं इजराइल, आदि देशों के बीच जारी भीषण विभित्सिका को रोका जा सकता है। युद्ध का अंत अवश्यंभावी है, लेकिन अहिंसा से ही संभव है। अहिंसा पालन जैन धर्म का एकाधिकार नहीं है, लेकिन मार्ग दर्शक जरूर है। सभी को अहिंसा के मार्ग पर आना होगा, इसके बिना और कोई दूसरा उपाय नहीं है। हमें किसी को भी मारने का अधिकार नहीं है। जीने का अधिकार प्राणी मात्र को है। किसी दूसरे के अच्छे जीवन की कामना से ही स्वयं का जीवन ख़ुशहाल हो सकता है, यही सत्य है। मन, वचन और कर्म से अहिंसा को आत्मसात करने का संदेश समाज में स्थाई शान्ति के लिए महत्वपूर्ण है। भगवान महावीर ने किसी और पर विजय प्राप्त करने की बजाय, जिसकी कोई आवश्यकता भी नहीं है, स्वयं पर विजय प्राप्त करने की प्रेरणा दी। दूसरों का बुरा चाहकर कोई भी अपना भला नहीं कर सकता है। भगवान महावीर की अहिंसा के अमोघ हथियार को महात्मा गाँधी ने अपनाया और भारत को शक्तिशाली अंग्रेज़ों की दासता से मुक्त कराया। कोरोना काल ने महावीर के उपदेशों की प्रासंगिकता सर्व सिद्ध कर दी है।

तीर्थंकर महावीर ने हमें अनेकांतवाद का दर्शन दिया। अनेकांत दृष्टि हमें सहिष्णु बनाती है, जीओ और जीने दो या सह अस्तित्व का उदार भाव प्रदान करती है। भगवान महावीर के अनुसार सबसे बड़ी बुराई वैचारिक मतभेद की है, और आज दुनिया इसी कारण संघर्ष कर रही है। वैचारिक मतभेद अनेक समस्याओं की जड़ है। महावीर ने मताग्रह छोड़ने एवं विचारों मे समानता तथा सहिष्णुता पैदा करने पर बल दिया। अनेकांत का अर्थ है वस्तु को अनेक गुणों या धर्मों में देखना। अनेकेअन्ताः धर्म्मः यस्मिन् स अनेकांत। महावीर ने कहा कि वस्तु के अनंत धर्मों और पर्यायों को अनन्त चक्षुओं से देखो, किसी एक कोण से नहीं। अनेकांत का सिद्धान्त पारस्परिक सौहार्द को बढ़ाता है मनमुटाव, द्वेष व जलन को दूर करता है। इस सिद्धांत को अपनाने से स्वयं, परिवार, समाज, देश व सम्पूर्ण विश्व में वैचारिक आतंकवाद का ख़ात्मा किया जा सकता है। यह अवधारणा सभी समस्याओं का समाधान प्रदान करती है।

भगवान महावीर अपरिग्रह का सिद्धान्त सीमित संसाधनों के साथ जीवन यापन करना सिखाता है। अधिक सम्पत्ति एकत्र करने के लिए हिंसा, झूठ, चोरी तथा कुशील का सहारा लेना पड़ता है। तनाव, चिन्ता और बीमारियों की जड़ परिग्रह है। यहाँ तक कहा गया है कि दान देने के लिए भी संग्रह नहीं करना चाहिए। जैन दर्शन एक नया चिंतन देता है। रत्नत्रय सम्यक दर्शन, सम्यकज्ञान एवं सम्यकचारित्र तीनों सही रूप में जीवन में उतारेंगे तभी जीवन की सार्थकता होगी एवं मोक्ष मार्ग प्रशस्त होगा। भगवान महावीर ने अपने जीवनकाल में सामाजिक कुरीतियों की समाप्ति की दिशा में इन सिद्धांतों का प्रयोग किया। उन्होंने स्त्रियों के उत्थान के लिए दासता, सामाजिक समता, समान दर्जा आदि के लिए शुरूआत की। वर्तमान में महिला सशक्तिकरण के साथ स्वच्छता, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, जनसंख्या नियन्त्रण जैसे अभियानों के संदर्भ में भगवान महावीर के सिद्धांत अत्यधिक प्रासंगिक हो गये है। यद्यपि भगवान महावीर ने ईसा से 599-527 वर्ष पूर्व लोगों के जीवन दर्शन की राह दिखलाई थी तथापि 2550 वर्ष पश्चात भी उनके बताये गये सिद्धांत पूर्णतः प्रासंगिक है। सार्वकालिक है, सार्वभौमिक है, कल-आज और कल हर समय उपयोगी है। कोरोना काल में महावीर के सिद्धान्त व जैन जीवन शैली पूर्णतया कारगर रही है। जैन धर्म केवल जैनियों का ही धर्म नहीं है, जैन धर्म के सिद्धान्तों की पालना करके कोई भी जैन बन सकता है एवं अपना जीवन सार्थक कर सकता है। क्या किसी भी जीव को सताए बिना, मारे बिना, लड़ाई किए बिना कोई वीर, अतिवीर, सन्मति वीर एवं महावीर बन सकता है? तीर्थंकर महावीर ने ऐसा करके दिखाया है। जीओ और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म :, परस्परोप ग्रहो जीवानाम् की अवधारणा को जन मानस द्वारा आत्मसात करना है। तीर्थंकर महावीर की स्मृति में वीर निर्वाण सम्वत भगवान महावीर के निर्वाण के अगले दिन से ही 2550 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ। यह विश्व में सबसे प्राचीन सम्वत है एवम् प्रचलन में है। भगवान महावीर का 2623वाँ जन्म कल्याणक वर्ष बिना किसी आडंबर के अहिंसा का पालन करते हुए मनोयोग से मनाएं।

**संकलन–भागचंद जैन मित्रपुरा,**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।**

# जैसलमेर गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में अब गोडावण की संख्या बढ़कर 32 हुई


## गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में अंडे में से चूजा निकला

**जैसलमेर,** (निसं)। जिले के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से खुशखबरी आई है। सम गांव स्थित सुदासरी के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में टोनी नामक मादा गोडावण के अंडे से एक नन्हा चूजा निकला है। गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में अब गोडावण की संख्या बढ़कर 32 हो गई है।

डेजर्ट नेशनल पार्क डीएफ़ओ आशीष व्यास ने बताया कि ब्रीडिंग सेंटर में लगातार गोडावण का कुनबा बढ़ रहा है। आशीष व्यास ने बताया कि सुदासरी स्थित गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में गुरुवार को टोनी नामक मादा ने लियो नामक मेल गोडावण से मेटिंग के बाद दिए अंडे से चूजा बाहर आया है। उन्होंने बताया कि इस सीजन का ये तीसरा चूजा है। इस तरह अब गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में गोडावण की संख्या लगातार बढ़ते हुए 32 तक पहुंच गई है। वन्यजीव प्रेमियों के लिए ये बहुत बड़ी खुशी की बात है कि सरकार के ब्रीडिंग सेंटर में कुनबा बढ़ रहा है।

व्यास ने बताया कि 2019 में जंगल में मिले एक अंडे से एक मादा गोडावण ने जन्म लिया था। उस अंडे से निकली मादा का नाम अफ्रीकी मूल की पहली अमेरिकी लेखिका टोनी मॉरिसन के नाम पर रखा गया, क्योंकि उसी दौरान नोबल पुरस्कार विजेता टोनी मॉरिसन का निधन हुआ था। सम स्थित ब्रीडिंग सेंटर में टोनी मॉरिसन नामक मादा गोडावण के अंडे से बाहर आया चूजा विशेषज्ञों के ऑब्जर्वेशन में है और पूरी तरह स्वस्थ है। जिले में गोडावण की तादाद बढ़ाने के लिए कई सालों से सम स्थित सुदासरी में ब्रीडिंग सेंटर चलाया जा रहा है। हाल ही में पिछले साल रामदेवरा में भी ब्रीडिंग सेंटर शूरू किया गया है। यहां जंगल में मिले अंडों को विशेषज्ञों की देखरेख में पाला जाता है और उन अंडों से गोडावण का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। इन अंडों से अब तक 32 गोडावण हो चुके हैं, जिनमें 4 इन्हीं गोडावण की मेटिंग से बच्चे निकले हैं। एक चूजा पिछले साल और इस साल तीन चूजे अंडे से बाहर आए हैं। इनमें अब 19 गोडावण सम ब्रीडिंग सेंटर में और 13 रामदेवरा स्थित गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में है।

**■ जिले में गोडावण की तादाद बढ़ाने के लिए सम स्थित सुदासरी में ब्रीडिंग सेंटर चलाया जा रहा है**



जैसलमेर के सुदासरी गोडावण प्रजनन सेंटर में नया मेहमान आया।

# लंदन से मतदान करने पहुंची बीकानेर की बेटी

**बीकानेर,** (निसं)। धार्मिक पर्व व त्यौहार की तरह मतदान भी लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र देश भारत के चुनाव हो तो वोट की कीमत और भी बढ़ जाती है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वोट करना देश के हर नागरिक का अधिकार है तथा हर मतदाताओं को पॉलिंग बूथ पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। लंदन में रह रही बीकानेर की बेटी और डेटा प्रोटेक्शन कंसलटेंट भाग्यश्री स्वामी ने न केवल अपने वोट की कीमत पहचानी, बल्कि वोट करने के लिए सात समुद्र पार कर बीकानेर पहुंची। भाग्यश्री ने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोगों को भी सीख दी है। उधर पैरा ओलंपियन पंकज सेवग ने भी अपने बूथ पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दूसरी ओर मतदान को लेकर व्यस्त रहे भाजपा के प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने शहर के भीतरी क्षेत्र में कुछ पल अपने साथी भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ बिताए, बल्कि इस भागदौड़ में बीकानेरी भुजियां का लुत्फ उठाया।

**■ पैरा ओलंपियन पंकज सेवग ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया**



भाग्यश्री स्वामी


# तीन पीढ़ियों ने एक साथ मतदान किया

**बिसाऊ,** (निसं)। बिसाऊ में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कस्बे में शांतिपूर्ण मतदान हुआ कस्बे में कुल मतदाता 19277 थे जिनमें से 10949 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। कस्बे में कुल 16 बूथ थे जहां पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। पुलिस प्रशासन मुस्तेद था। कुल 56.8 प्रतिशत मत पड़े। अधिकतर बूथें पर महिलाओं अपना मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं 3 पीढियों ने एक साथ मतदान किया।

लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के दौरान कुछ रोचक दृश्य भी देखने को मिले। ऐसा ही रोचक दृश्य बिसाऊ में देखने को मिला, जब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, वार्ड नं 9 में मतदान केंद्र संख्या 71 पर 3 पीढ़ियां एक साथ मतदान के लिए पहुंची। यहां दादा भोलाराम जांगिड़, पुत्र सुशील कुमार जांगिड़ और उनके पुत्र राहुल जांगिड़ ने एक साथ मतदान किया। तीनों ने मतदान केंद्र पर सुचारु व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन एवं मतदानकर्मियों को धन्यवाद दिया।

**■ तीनों ने मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद दिया**

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### शनिवार 20 अप्रेल, 2024

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 2:04 तक, धुव्र योग रात्रि 2:47 तक, बव करण प्रातः 9:23 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 8:51 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन-रात है। अमृत सिद्धि योग सांय 5:08 से सूर्योदय तक है। रवियोग सांय 5:08 से आरम्भ होगा। आज विष्णुदमनोत्सव, मदन द्वादशी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:38 से 9:14 तक, चर 12:26 से 7:02 तक, लाभ-अमृत 2:02 से 5:14 तक।


**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:02, सूर्यास्त 6:50



**मेष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृष**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।




**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।



**कर्क**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।



**सिंह**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आज शुभ-मांगलिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।




**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।



**तुला**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।




**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**धनु**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।



**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

## संत महर्षि चांद साहेब की 152वीं जयंती 21को

**बीकानेर,( निसं )।** दलित वर्ग के महान् संत महर्षि चांद साहेब की 152वीं जयंती 21 अप्रेल की तैयारियां चल रही हैं। यह जानकारी अ.भा. चांद सत्संग समाज मंडल के राष्ट्रीय महासचिव पं. मुकेश राजस्थानी ने यहां दी। राजस्थानी ने बताया कि जयंती महोत्सव वाल्मीकि बस्ती छोटी गुवाड़ स्थित कबीर चौराह मठ पर गादीपति संत शीतल के सान्निध्य में सत्संग समारोह रात्रि नौ बजे से प्रातः महाआरती दर्शन तक संपन्न होगी। जयंती समारोह के संयोजक पं हरिप्रकाश वाल्मीकि व सचिव हरिभजन दास कबीर पंथी ने संयुक्त रूप से बताया कि जंयती समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात औषधि विशेषज्ञ मुकेश वाल्मीकि होंगे। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद्व डा. नमानी शंकर आचार्य समेत तारानगर डचूरु. कबीर मठ के मंहत सुखदेव दास , मंहत मोडाराम कबीर पंथी, मंहत प्रेमदास-नवरतन दास कबीर पंथी होंगे।जयंती समारोह की अध्यक्षता मगनी साहेब धराने के मंहत श्रवणदास करेंगे तथा अखिल भारतीय सफाई श्रमिक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कबीर संप्रदाय विचारक-चिंतक मुकेश राजस्थानी मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम संयोजक हरिप्रकाश वाल्मीकि समारोह मेंअनेक संत-मंहत, प्रबुद्धजन सामाजिक कार्यकर्ता प्रवचन, विचार, भजन-वाणी तथा अपने उद्बधन से महर्षि चांद साहेब का पावन स्मरण कर श्रद्धाजलि अर्पित करेंगे।

# रिटर्निंग अधिकारी एवं एसपी ने फर्स्ट वोटर को सौंपा सर्टिफिकेट

**श्रीगंगानगर, ( निसं )।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 19 अप्रैल 2024 को संसदीय क्षेत्र गंगानगर में प्रातः 7 बजे मतदान शान्तिपूर्ण प्रारम्भ हो चुका है। जिला कलक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी लोकबंधु व पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने गंगानगर विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया तथा शान्तिपूर्ण तरीके से चल रहे मतदान को देखा।

रिटर्निंग अधिकारी लोकबंधु व पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने फायर बिग्रेड के पीछे राजकीय विद्यालय में मतदान केन्द्र के अवलोकन के दौरान फर्स्ट टाइम वोटर सना आनन्द को सर्टिफिकेट प्रदान किया। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कई मतदान केन्द्रों पर फर्स्ट टाइम वोटर को सर्टिफिकेट, कई मतदान केन्द्रों पर पहले 10 मतदाताओं से वृक्षारोपण करवाया गया।

उल्लोनीय है कि प्रातः 11 बजे तक गंगानगर संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान 27.7 प्रतिशत हुआ है। सादुलशहर में प्रातः 11 बजे तक 28.5, गंगानगर में 25.15, करणपुर में 27.79, सूरतगढ़ में 27.19, रायसिंहनगर में 27.26, संगरिया में 28.16, हनुमानगढ़ में 28.29 तथा पीलीबंगा में 28.93 प्रतिशत मतदान हुआ। 20-चना, सरसों खरीद के लिये



बीकानेर में लोकबंधु फर्स्ट वोटर को सौंपा सर्टिफिकेट।

22 केन्द्र संचालित

श्रीगंगानगर, 19 अप्रैल। श्रीगंगानगर जिले में सहकारिता विभाग के अधीन समर्थन मूल्य पर चना, सरसों खरीद के लिये कुल 22 खरीद केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं।

उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां श्री मोहम्मद फारूक ने बताया कि समर्थन मूल्य खरीद योजनांतर्गत सरसों एवं चने के लिये समर्थन मूल्य क्रमशः 5650 रूपये क्विंटल एवं 5440 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है, जिनमें सरसों एवं चने हेतु क्रमशः कुल 15929 एवं 690 किसानों द्वारा अपनी जिन्सों को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने हेतु पंजीकरण करवाया जा चुका है। वर्तमान में कुल 1014 किसानों द्वारा समर्थन मूल्य खरीद योजना का लाभ उठाकर 22119 क्विंटल सरसों जिन्स का विक्रय किया जा चुका है। वर्तमान में श्रीगंगानगर जिले के किसी भी खरीफ केन्द्र पर गुणवत्ता कारणों से किसी भी किसान की जिन्स रिजेक्ट नहीं की गई है।

## मतदान केन्द्र पर किया विरोध

**बीकानेर( निसं )।** देश के आम चुनाव को लेकर बीकानेर समेत 21 राज्यों में प्रथम चरण में मतदान चल रहा है। बीकानेर में लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा पश्चिम क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र पर बेहद ही संवेदनशील मामला सामने आया है। जहां मतदान केन्द्र की खिडकी के नीचे से ईंटें हटाए जाने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। बता दें कि इसी खिडकी के पीछे ईवीएम मशीन थी। बरहाल ये ईंटें किस उद्देश्य से हटाई गई।

यह तो जांच का विषय हो सकता है, किंतु इस बात को लेकर स्थानीय मतदाताओं में खासा आक्रोश व्याप्त है।मतदान केन्द्र जिला निर्वाचन अधिकारी के अन्तर्गत आते है तथा मतदान केन्द्र भवन में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जा सकता।

किंतु विधानसभा पश्चिम क्षेत्र स्थित मतदान केन्द्र राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुथारों का रामदेव मंदिर पारीक चौक की खिडकी के नीचे से ईंटें हटा दी गई।बताया जा रहा है कि यह ईंटें और किसी ने नहीं, बल्कि खुद स्थानीय पार्षद ने हटाई है। इसी खिडकी के पीछे मतदान केन्द्र की वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी हुई है।जब इस बात का स्थानीय मतदाताओं को पता चला तो उन्होंने इसका विरोध किया तथा अपनी शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के बाद मौके पर अधिकारी व पुलिस भी पहुंची है।

## सार-समाचार

### प्रतिबंधित दवा का स्टॉव मिला

**श्रीगंगानगर।** औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा फर्म राधे कृष्णा मेडिकल स्टोर नजदीक बालाजी धाम श्रीगंगानगर के निरीक्षण में प्रतिबंधित औषधि का स्टॉक बिना क्रय बिल संधारित पाया गया। सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि नशे के औषधियों के अवैध क्रय-विक्रय की रोकथाम हेतु विभाग के द्वारा चलाये गये विशेष अभियान के तहत मैसर्स राधे कृष्णा मेडिकल स्टोर दुकान नम्बर 16आत्तमवलूभ जैन कॉलेज नजदीक बालाजी धाम श्रीगंगानगर का निरीक्षण औषधि नियंत्रण अधिकारी श्रीमती सुखदीप कौर व अमनदीप द्वारा पुलिस टीम के साथ 5 मार्च को किया गया था। निरीक्षण दौरान फर्म पर जिले में प्रतिबंध औषधि प्रीगाबलीन कैपसुल आईपी 300 एमजी(न्यूरो-300) का स्टॉक बिना क्रय बिल संधारित पाया गया था। जिसमें फर्म से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने व फर्म द्वारा नशे में दुरूपयोग हो सकने वाली औषधियों के अवैध क्रय-विक्रय किया जाना प्रमाणित होने पर फर्म को जारी लाईसेंस को निरस्त किया गया है। फर्म मालिक के विरूद्ध जांच सम्पूर्ण होने के पश्चात औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय के समक्ष इस्तागासा दायर किया जायेगा।

### रश्मि बिस्सा को पीएचडी की उपाधि

**बीकानेर ।** राजस्थान महिला टीटी कॉलेज की व्याख्याता रश्मि बिस्सा को पीएचडी की उपाधि मिली है। उन्होंने श्रीगंगानगर की टांटिया यूनिवर्सिटी से यह उपाधि हासिल की है। डॉक्टर रश्मि बिस्सा ने 'स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की आध्यात्मिक बुद्धि व धर्मनिरपेक्ष अभिव्यक्ति का आत्मबोध के संबंध में अध्ययन' जैसे विषय पर पीएचडी हासिल की है।गौरतलब है कि डॉक्टर रश्मि बिस्सा इन दिनों शहर के नत्थूसर गेट के बाहर राजस्थान महिला टीटी कॉलेज में व्याख्याता है।

### शातिर महिलाएं गिरफ्तार

बीकानेर। देशनोक थाना पुलि स ने जेवरात ल ूट के मामल े में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलि स ने ल गातार मंदिर में भक्तों के हो रहे आभूषण के मामलों में यह कार्रवाई की है। पुलिस ने अनूपगढ़ के विजयनगर की रहने वाल ी सविता पत्नी श्याम बावरी, बबली राजीव उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से करीब चार लाख रूपए के आभूषण जब्त किए है। पुलिस के अनुसार दोनों महिल ाएं मंदिर परिसर में भीड़भाड को देखकर महिलाओं का ध्यान भटकाती और फिर आभूषण पार कर ले जाती। बता दे कि 17 अप्रेल को ही झझु निवासी नर्बदा रामावत ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया था कि मंदिर में दर्शन के दौरान उसके गले से अज्ञात महिल ाएं सोने के आभूषण चोरी कर ल े गई।

### रास्ता रोक मारपीट की

**बीकानेर ।** रास्ता रोककर मारपीट करने और मोबाइल छीन ल े जाने का मामल ा सामने आया है। इस सम्बंध में नापासर पुलि स थाने में गुसाईंसर निवासी सुगनाराम पुत्र आदूराम जाट ने गांव के ही नन्दराम पुत्र किशनाराम सारण के खिल ाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। इस सम्बंध में प्रार्थी ने बताया कि राणेरी बास गुसाईंसर में देर रात को आरोपी ने उसका रास्ता रोका और गाल ी गल ौच करने ल गा। प्रार्थी ने जब रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसके साथ थाप-मुक्कों से मारपीट की और मोबाइल छीनकर ल े गया। पुलि स ने प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पैसो का बैग छीनने का प्रयास

बीकानेर । कोटगेट थाने से कुछ ही मीटर की दूरी पर बैंक के एजेंट के साथ ल ूट का प्रयास करने का मामल ा सामने आया है। इस सम्बंध में कोटगेट थाने में व्यास कॉल ोनी के रहने वाले सुरेश कुमार शर्मा ने मुकदमा दर्ज करवाया है। घटना आनंद होटल के पास की है। इस सम्बंध में प्राथी ने बताया कि कैनरा बैंक का एजेंट है और हमेशा की तरह शीतल बेकरी से कले क्शन के रूपए ले कर निकला था। इसी दौरान पीछ से एक नकाबपोश व्यक्ति ने उसका कॉल र पकड़ा और आंखो में मिर्ची का पाउडर० फेंका। प्रार्थी के अनुसार नकाबपोश व्यक्ति ने उसे धक्कर दिया और रूपए वाल ा बैग छीनने का प्रयास। जैसे तैसे बैग को संभाल कर युवक को पकडन॰े का प्रयास किया तब तक युवक भाग गया। पुलि स ने प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मतदान बहिष्कार की घोषणा

**बीकानेर ।**शहर के नजदीकी ग्राम पंचायत नाल बड़ी के गांव डाईया में सुबह 7 बजे मतदान केन्द्र पर सन्नाटा पसरा रहा। ग्रामीणों ने गांव में बिजली, पानी जैसी मूल भूत सुविधाओं के नहीं होने से नाराज होकर मतदान बहिष्कार की घोषणा कर दी। इसके बाद 9 बजे तक स्थानीय सरकारी कार्मिकों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इसमें सफल ता नहीं मिल ने पर सुबह 10 बजे विकास अधिकारी, बिजल ी व जल दाय विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन देकर मतदान करने के लि ए राजी किया।

### लापरवाही बरतने पर निरीक्षक सस्पेंड

**बीकानेर ।** चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य के संपादन में ल ापरवाही बरतने के कारण आबकारी विभाग के निरीक्षक राकेश खत्री को निल ंबित किया गया है।जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश अनुसार निल ंबन काल में खत्री का मुख्याल य सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी और उपखंड अधिकारी खाजूवाला रहेगा। उक्त आदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत जारी किए गए हैं, जो तत्काल प्रभाव से ल ागू होंगे।

### शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग

**बीकानेर।** रीको औद्योगिक क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में ल गी आग से एक श्रमिक झुल स गया। दरअसल , यह हादसा नोखा के रीको औद्योगिक क्षेत्र में हुआ। सूत्रों से मिल ी जानकारी के मुताबिक रीको औद्योगिक क्षेत्र में बीएल एग्रो इंस्ट्रीज में ल गे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट की वजह से ल गी आग में श्रमिक दावा गांव निवासी मनोहर पुत्र शक्ति राम झुल स गया। उसका चेहरा झुल स गया। उसको तुरंत नोखा ले कर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसको बीकानेर रैफर कर दिया गया।

### डम्पर ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**बीकानेर।** जिले के नाल पुलि स थानान्तर्गत कावनी गांव में डम्पर ने राह चल रहे युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। इस आशय की रिपोर्ट मृतक के भाई बांगड़सर गांव निवासी अल ी हसन ने पुलि स को दी है। रिपोर्ट में आरोपी डम्पर चाल क को नामजद किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक कावनी गांव में उसका भाई पैदल चल रहा था। इसी दौरान आरोपी डम्पर चाल क नाल बड़ी गांव निवासी प्रेमप्रकाश ने गफल त व ल ापरवाही से डम्पर चल ाते हुए पैदल चल रहे उसके भाई को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक की तैयारी को दिया अंतिम रूप

**बीकानेर,( निसं )।** सकल जैन संघ के सहयोग से जैन यूथ कूब बीकानेर अपने दशाब्दी वर्ष पर महावीर जयंती 21 अप्रैल के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है इसके लिए व्यापक जन संपर्क अभियान गत 9 दिनों से लगातार चल रहा है। जैन यूथ कूब के 50 से अधिक युवक गंगाशहर, भीनासर, उदासर व बीकानेर के विभिन्न मोहल्लों, नव विकसित कॉलोनियों के लगभग 4 हजार घरों में जनसम्पर्क कर 20 अप्रैल को आत्म शुद्धि के लिए तेरापंथ भवन में होने वाले ङसामूहिक नवकार महामंत्रङ जाप व 21 अप्रैल को कर्म निर्जरा के लिए ङसामूहिक एकासनाङ में अधिकाधिक श्रावक-श्राविकाओं की भागीदारी के लिए विनती कर रहे है।

जैन यूथ कूब के कार्यकारिणी सदस्य मनोज खजांची ने बताया कि जन संपर्क के दौरान हर घर पर "ङभगवान महावीर जन्म कल्याणक 2024" का स्टीकर भी लगाया जा रहा है। इस स्टीकर में एक कलश में जैन ध्वज, जैन धर्म के मांगलिक चिन्ह व नवकार महामंत्र अंकित है। जैन यूथ कूब 21अप्रैल को महावीर जयंती पर जैन महासभा के तत्वाधान में आयोजित सुबह साढ़े सात बजे श्री दिगम्बर जैन नसियाजी बीकानेर व भीनासर की जवाहर विद्यापीठ से निकलने वाली "ङअहिंसा रैलीङ" में श्रावक-श्राविकाओं की अधिकाधिक भागीदारी का भी निमंत्रण जन संपर्क के दौरान दिया जा रहा है। इस जनसंपर्क अभियान के साथ उदासर में श्री जैन स्वधर्मी सहयोग निधि से बनने वाले 74 फूट की बिल्डिंग " अनेकांत विहार " के लिए सहयोग राशि के रूप में 1100 रुपए की एक ईंट का नकरा राशि भी संकलित कर रहा है। कूब के कोषाध्यक्ष मयंक बांठिया ने बताया कि इस नेक कार्य के लिये भी समाज का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। कूब के सदस्य विपुल सेठिया में बताया कि पिछली बार हुए सामूहिक जाप में करीब 4000 श्रावक-श्राविकाओं ने हिस्सा लिया इस बार इससे अधिक भागीदारी की उम्मीद को देखते हुए जाप करने वालों के बैठने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। महावीर जयंती के दिन 21 अप्रैल रविवार को तेरापंथ भवन में तीन चरणों में सामूहिक एकासना का आयोजन होगा, जिसमें करीब 2500 से अधिक विभिन्न आयु वर्ग के श्रावक-श्राविकाएं हिस्सा लेंगे।

पहला चरण पूर्वान्ह सवा बारह बजे, दोपहर सवा एक बजे व दोपहर सवा दो बजे होगा। श्रावक-श्राविकाएं एक पंगत में बैठकर परमात्मा का स्मरण करते हुए एकासना यानि एक समय सात्विक भोजन ग्रहण करेंगे। दोनों कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए आसानियों का चौक व कोचरों के चौक से बुजुर्गों व महिलाओं के लिए छोटे वाहनों की तथा उदासर से तेरापंथ भवन तक बस की व्यवस्था निःशुल्क की गई है।

## पी.एच.डी. प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया 16 मई से

**बीकानेर।** राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के तीनों संघटक वेटरनरी महाविद्यालयों में अकादमिक सत्र 2023-24 के लिए पीएच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 16 मई से शुरू होंगे। अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने बताया कि तीनों संघटक वेटरनरी महाविद्यालयों में अभ्यर्थियों को एन.टी.ए. द्वारा आयोजित आई.सी.ए.आर.-ए.आई.सी.ई. (पीएच.डी) में प्राप्त स्कोर के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। तीनों संघटक वेटरनरी महाविद्यालयों में पीएच.डी. की 63 सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा। पीएच.डी. में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश फार्म एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 3 जून 2024 रहेगी। पीएच.डी. में प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर में 7 जून, को आयोजित होगी।

# स्वास्थ्य विभाग ने सात क्लिनिक बंद करवाए

- आमजन से अपील, जहां भी नशा बिक्री हो उसकी सूचना स्वास्थ्य या पुलिस विभाग को दें

**श्रीगंगानगर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे नशे विरोधी अभियान के परिणाम सामने आने लगे हैं। अब गांव मोहल्लों में नशा बेचने वाले अपना कार्य छोड़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर लोक बंधु के निर्देशों पर सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि नशे के खिलाफ कार्रवाइयों का असर दिखने लगा है। वहीं विभाग अब भी लगातार कार्रवाई करने में जुटा है। गुरुवार को भी विभाग ने एक पूर्व कार्रवाई में जांच के चलते मुखर्जी नगर स्थित राजस्थान नशा मुक्ति केंद्र का लाइसेंस रद्द कर संचालन बंद करने के निर्देश जारी किए। इसी तरह मुखर्जी नगर स्थित एक अन्य देवगुरु मनोरोग क्लिनिक की ओर से अपने स्तर पर ही बंद करने का आवेदन दिया गया, जिसे तत्काल स्वीकृत करते हुए लाइसेंस रद्द कर संचालन बंद करवाया। गौरतलब है कि विभाग ने अब तक साधुवाली स्थित दिशा साइकेट्रिक क्लिनिक, श्रीराम क्लिनिक, जी ब्लॉक स्थित श्रीराम हॉस्पिटल, सादुलशहर स्थित अमर साइकेट्रिक क्लिनिक का लाइसेंस रद्द करते हुए संचालन बंद करवा चुका है। वहीं विभाग को कोठा पक्की में संचालित भव्या मनोरोग चिकित्सक ने भी लिखती में दिया कि वह कार्य करने में असमर्थ है। जिस पर सीएमएचओ डॉ सिंगला ने क्लिनिक का लाइसेंस रद्द कर संचालन बंद करवा दिया। विभाग की ओर से आगामी दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव 22 से

- हनुमान वाटिका में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव 22 अप्रैल को शुरू

**बीकानेर ( निसं )।** शास्त्री नगर स्थित श्री वीरं प्रथम दिन 22 अप्रैल को मंदिर के पुजारी पंडित आशाराम ओझा व पंडित आशीष व्यास के नेतृत्व में समस्त मोहल्लावासियों व नगर वासियों के सहयोग से हनुमानजी का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। मुख्य समारोह 23 अप्रैल को शाम साढ़े सात बजे श्रृंगार, आरती व भजन संध्या के साथ होगा।

श्री वीर हनुमान वाटिका समिति की सचिव व पूर्व पार्षद छाया गुप्ता ने बताया कि 22 अप्रैल को सुबह सवा आठ बजे वेदपाठी ब्राह्मण रुद्री पाठ व उसके बाद 108हनुमान चालीसा तथा हनुमानजी के मंत्रों से पंचामृत से अभिषेक करेंगे। अभिषेक के बाद सवामणी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि 23 अप्रैल को श्री वीर हनुमान वाटिका में लगातार 28 वें वर्ष होने वाले हनुमान जन्मोत्सव का मुख्य समारोह शाम सात बजे पूजा, आरती व श्रृंगार के साथ शुरू होगां।

शिवबाड़ी के लालेश्वर महादेव मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानंद गिरि के सान्निध्य में जोधपुर के ख्याति प्राप्त कलाकार महेन्द्र सिंह पंवार व पार्टी सचेतन झांकियों के साथ भक्ति गीतों व नृत्यों की प्रस्तुतियां देगी। मंदिर में विशेष सजावट, तथा सवा छह फीट की वीर हनुमानजी की प्रतिमा के दोनों दिन विशेष अंगी की जाएगी। श्रद्धालु मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के दिन भी हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ व हनुमान मंत्रों का सर्व विध्न बाधाओं को दूर करने, सर्व मंगल के लिए जाप करेंगे।

## युवाओं के कंधों पर लोकतंत्र का दारोमदार

**बीकानेर।** लोकसभा चुनाव में जिल े के सात विधानसभा क्षेत्रों में 50 फीसदी यानी ल गभग आधे मतदाता 18 से 39 वर्ष आयु वर्ग के हैं। युवा मतदाताओं के जोश से लबरेज इस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाता की संख्या 18 लाख 1 हजार 487 है।

बीकानेर लोकसभा चुनाव में जिल े के सात विधानसभा क्षेत्रों में 50 फीसदी यानी लगभग आधे मतदाता 18 से 39 वर्ष आयु वर्ग के हैं। युवा मतदाताओं के जोश से ल बरेज इस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ ने की संभावना है। जिल े के सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाता की संख्या 18 लाख 1 हजार 487 है। इनमें से 8 ल ाख 98 हजार 877 मतदाता 18 से 39 वर्ष आयु वर्ग के हैं। इनमें 55855 मतदाता 18-19 वर्ष आयु के हैं, जो अपने जीवन में पहल ी बार लोकसभा चुनाव में मताधिकार का उपयोग करेंगे।

# शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में औसतन 40 से 55 प्रतिशत मतदान

- तीन डी-आईटीआई बीकानेर में इंदिरा खीचड के पैर में फैक्चर होने के बाद भी लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी के लिए अपने पुत्र के साथ मतदान करने पहुंची।

**बीकानेर,( निसं )।** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक औसत मतदान 40 से 55 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन विभाग, जिला व पुलिस प्रशासन की सजगता, चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस व अन्य सुरक्षाकर्मियों की सजगता, कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से लोकतंत्र के उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। गोगागेट वाल्मीकि बस्ती में पानी एकत्रित होने, दइया गांव में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में कई लोगों ने मतदान में अरूचि दिखाई।

सुबह सात बजे से ही मतदान शुरू होने से मतदान केन्द्र के कार्मिक, सुरक्षाकर्मी सुबह चार बजे ही मतदान सामग्री को तैयार कर निर्धारित समय चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी। कुछ मतदान केन्द्रों में ई.वी.एम. मशीन के अटकने से कुछ देर बाद शुरू मतदान हुआ वहीं कई स्थानों में चलते मतदान के दौरान ई.वी.एम. मशीन कुछ देर के लिए ठीक करने से लोगों को परेशानी होगी। वैध मतदाता पहचान पत्र में जन आधार को स्वीकार नहीं करने से अनेक महिला मतदाताओं को मतदान अधिकारियों से उलझने के बाद बिना मतदान किए ही लौटना पड़ा। बीकानेर नगर के रानी बाजार स्थित गुरुद्वारा स्कूल के महिला मतदान केन्द्र पर जन आधार लेकर पहुंची महिलाओं को बिना मताधिकार का प्रयोग किए लौटना पड़ा। जबकि जन आधार केन्द्र में महिला प्रमुख होने के कारण उसका फोटो, आधार नम्बर अंकित थे। गुरुद्वारा स्कूल के मतदान केन्द्र पर धोबीतलाई की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शबनम बानों बुर्के में मतदाताओं को मतदान कार्य में सहयोग कर रहीं थी ।औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बीकानेर में इंदिरा खीचड के पैर में फैक्चर होने के बाद भी लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी के लिए अपने पुत्र के साथ मतदान करने पहुंची। उन्होंने मतदान केन्द्र पर सुलभ व्हील चैयर का उपयोग करते हुए सुगमता से मतदान किया। शिवबाड़ी की राजकीय स्कूल के मतदान केन्द्र में दिव्यांग ारोज शर्मा, बेगानी चौक के भैरव रत्न बालिका विद्यालय के मतदान केन्द्र पर दिव्यांग दीपिका विशेष वाहन से तथा पैरों से लाचार गवरा देवी व्हील चैयर पर मतदान केन्द्र पर पहुंच कर मतदान किया।

# विदाई के बाद सीधे मतदान केंद्र पहुंचकर वोट दिया

**बीकानेर, ( निसं )।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत मतदान के दौरान शुक्रवार को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में उत्सव जैसा माहौल रहा। मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाई।

संभागीय आयुक्त श्रीमती वंदना सिंघवी ने पंचशती सर्किल स्थित महिला जागृति परिषद में बने मतदान केंद्र में मतदान किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीणा ने सैनिक विश्राम गृह मतदान केंद्र पर मताधिकार का उपयोग किया। जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक हरि शंकर आचार्य ने शीतला गेट के बाहर स्थित केंद्र में मतदान केंद्र में वोट डाला। जिला आईकॉन और राष्ट्रीय स्वीमर पंकज सेवग तथा ट्रांसजेंडर मतदाता मुस्कान बाई ने श्यामौली के साथ अपने



सुमन ने विदाई के बाद सीधे मतदान केंद्र पहुंचकर वोट दिया।

मताधिकार का प्रयोग किया।जिले के गाढवाला गांव में ग्रामीण मतदाता ऊंट गाड़े पर बैठकर मतदान केंद्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दूसरों से मतदान करने की अपील की। यहां के शैतान सिंह राईका ने बताया कि लोकतंत्र के महोत्सव में भागीदारी निभाना उनके लिए गर्व का विषय है। जिले के दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ इस पर्व में भाग लिया। वृद्धजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं को उनके परिजन मतदान स्थल तक लेकर आए। वहीं मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर भी उपलब्ध करवाई गई। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में अपने मतदान केंद्रों तक पहुंची। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं विभिन्न केंद्रों पर रखे है सेल्फी प्वाइंट आकर्षण के विशेष केंद्र रहे। मतदान के दौरान मतदाताओं ने अपने एपिक कार्ड अथवा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों में से किसी एक का उपयोग करते हुए मतदान किया। मतदान स्थलों पर विद्युत, पेयजल सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहीं।

## शिक्षा विभाग माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा करना भूला

**बीकानेर ।** राज्य के सबसे बड़े विभाग शिक्षा विभाग में प्रारंभिक शिक्षा में तो स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा कर दी लेकिन माध्यमिक शिक्षा में इसे लागू करना भूल गया। सरकारी स्कूलों की पिछले 9 साल की बात करें तो माध्यमिक शिक्षा में लाखों छात्रों का नामांकन तो बढ़ा है लेकिन 9 वर्षों से स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा नहीं की गई है। नियमों पर नजर डालें तो प्रति दो वर्ष बाद स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा कर नामांकन अनुसार पदों में कमी या वृद्धि की जानी थी। स्टाफिंग पैटर्न 2015 में लागू हुआ था लेकिन माध्यमिक शिक्षा में इसे लागू नहीं किया गया। इस कारण माध्यमिक शिक्षा में वरिष्ठ अध्यापक सहित व्याख्याताओं के पद ही सृजित नहीं हुए हैं।

प्रदेश में 17 हजार उच्च माध्यमिक विद्यालयों में से केवल 4 हजार उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अनिवार्य विषयों के पद स्वीकृत है। लेकिन 2013 से अब तक क्रमोन्नत 12 हजार 924 विद्यालय ऐसे हैं जिनमें अनिवार्य विषयों के व्याख्याता पद ही नहीं है। सरकार एक तरफ जहां अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक ब्लॉक पर मॉडल स्कूल व महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की स्थापना के बाद गांवों में हिन्दी माध्यम विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम रूपांतरण किया गया। वहीं दूसरी तरफ हिंदी माध्यम के विद्यालयों में अंग्रेजी विषय के व्याख्याता के पद तक स्वीकृत नहीं कर सरकार विद्याथिर्यों के हित से साथ धोखा कर रही है।दूसरी और शिक्षा विभाग में तृतीय श्रेणी से वरिष्ट अध्यापक व वरिष्ट अध्यापक से व्याख्याता की तीन सत्रों की पदोन्नति बकाया हों चुकी है और चौथा सत्र शुरू हो गया है लेकीन अभी तक केवल वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पदों की अस्थाई पात्रता सूची जारी हुई है जबकि 31 मार्च तक पदोन्नति करने के निर्देश थे लेकिन अभी तक भी पता नही चल रहा की पदोन्नति कब तक होगी। अभी वार्षिक परीक्षाएं चल रही है मई में नया सत्र शुरु हों जाएगा ऐसे में सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे लाखों विधाथिर्यों को शिक्षक मिलना मुश्किल लग रहा है।

## 1623 फेरों का संचालन

**बीकानेर।** गर्मियों के दौरान यात्रियों को समुचित रेल सुविधा प्रदान करने के लि ए उत्तर पश्चिम रेल वे द्वारा समर स्पेशल रेल सेवाओं के रिकॉर्ड 1623 फेरों का संचाल न किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेल वे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेल वे पर इस वर्ष गर्मियों में यात्रियों की अपेक्षित वृद्धि को देखते हुए समर स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेल वे से विभिन्न गंतव्य स्थान के लिए समर स्पेशल रेल सेवाओं के कुल 1623 फेरें संचालित किया जा रहे हैं, जो यात्रियों की मांगों को प्रभावी ढ ंग से पूरा करने के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।


सर्व साधारण को सुचनार्थ

Ref.LLO/2024/059 Date-19.04.24

कि में मेरे अभिभाष्य श्री शिवकुमार पुत्र श्री फकीरचन्द माली निवासी बागवानों का मोहल्ला, पुरानी गिन्नाणी, बीकानेर द्वारा अपने स्वामित्व अधिकार के मकान बागवानों का मोहल्ला, पुरानी गिन्नाणी, बीकानेर को दिनंक 24.02.2020 को मुकेश तातेड़ एवं मनोज तातेड़ पुत्रगण श्री मोहनलाल निवासी लूणकरणसर, बीकानेर विक्रय किया गया था। विक्रय प्रतिफल राशि का भुगतान हेतु दो चैक जारी किए गऐ, भौतिक कब्जा चैक से भुगतान प्राप्त होने पर देने का वचन किया गया था। उक्त दोनो चैक अनादरित हो गए है, बार-बार समय मांगने के बाद भी विक्रय प्रतिफल राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। चूंकि प्रतिफल राशि के भुगतान की कूल अवधि व्यतित हो चुकी है, इस कारण विक्रय पत्र दिनांक 24.02.2020 स्वतः ही भंग हो गया है। अब उक्त विक्रय पत्र का विधि में किसी प्रकार का अस्तित्व नही रहा है। मेरा अभिभाष्य सर्वसाधारण का सूचित कर रहा है कि उक्त विक्रय पत्र दिनांक 24.02.2020 के आधार पर किसी प्रकार का करार-अनुबंध करने से सावधान रहे। इस सूचना के बावजूद कोई व्यक्ति इस मकान के सन्दर्भ में किसी प्रकार का व्यवहार करता है, तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार है व रहेगा।

राजेश कुमार लदरेचा
मोबाईल नं.9414372939 अधिवक्ता

# झुंझुनूं में सात गांवों के 10 बूथों पर मतदान का पूर्ण बहिष्कार

## ग्रामीणों ने यमुना के पानी की मांग को लेकर यह कदम उठाया



मतदान केन्द्र पर मतदान अधिकारी एवं कर्मचारी सुबह से बैठे ही रहे, उन्होंने केवल अपना ही वोट डाला।

- **हमीनपुर, बनगोठड़ी कलां और ढक्करवाला गांव में तो एक भी वोट नहीं पड़ा। यहां मतदानकर्मियों ने ही वोट डालकर खाता खोला।**
- **मतदान बहिष्कार पर प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों को समझाने गए, पर ग्रामीण नहीं माने, उसी दौरान पिलानी के विधायक पितराम काला पहुंचे तो ग्रामीणों ने उन्हें जमकर खरीखोटी सुनाई।**
- **ग्रामीणों ने कहा या तो यमुना जल चाहिए या फिर बारिश का पानी एकत्रित करने के लिए कुण्ड की स्वीकृति।**

**झुंझुनूं /पिलानी,** 19 अप्रेल (निसं)। यमुना पानी की मांग को लेकर क्षेत्र के सात गांवों के 10 बूथों का ग्रामीणों ने बहिष्कार किया, जिसका हमीनपुर, बनगोठड़ी कलां और ढक्करवाला के पांच बूथों पर पूरा असर और गाडोली, केहरपुरा और धींधवा बिचला के एक-एक बूथ पर लगभग पूरा और गाडोली के एक बूथ पर आंशिक असर देखने को मिला।

दिनभर मतदानकर्मी मतदाताओं का इंतजार करते रहे। लेकिन मतदाता नहीं आए। जिन पांच बूथों पर एक भी मतदाता ने वोट नहीं डाला, उनमें मतदानकर्मियों ने ही मतदान करके खाता खोला। जिन पांच बूथों पर ज़ीरो मतदान रहा, उनमें ढक्करवाला का एक बूथ, हमीनपुर के दो बूथ और बनगोठड़ी कलां के दो बूथ शामिल हैं। ढक्करवाला में तीन मतदानकर्मी और एक बीएलओ ने वोट डाला, लेकिन स्थानीय मतदाताओं की संख्या ज़ीरो रही। इसी तरह हमीनपुर के दोनों बूथों पर चार-चार वोट पड़े। ये चारों के चारों वोट मतदानकर्मियों के थे। यहां पर भी स्थानीय मतदाताओं की संख्या ज़ीरो रही। इसी तरह बनगोठड़ी कलां के एक बूथ पर तीन और एक बूथ पर चार वोट पड़े। ये वोट भी मतदानकर्मियों के थे। इन तीन गांवों के पांच बूथों पर एक भी मतदाता ने वोट नहीं डाला।

गाडोली गांव में दो बूथ थे। इनमें से एक बूथ पर छह वोट पड़े, जिमें चार मतदानकर्मी, एक सैक्टर आफिसर का वोट शामिल है। जबकि, एक भी वोटर वोट डालने पहुंचा। गाडोली के दूसरे बूथ में भी गांव के लोगों ने तो वोट नहीं डाले, परंतु पास के पुरोहितों का बास के वोट भी इसी बूथ पर थे। वहां 62 वोटरों ने और तीन मतदानकर्मियों ने वोट डाले। कुल मतदान यहां पर 65 रहा। बिशनपुरा गांव में तीन मतदानकर्मियों और एक वोटर ने, धींधवा बिचला में चार मतदानकर्मियों और दो वोटरों ने, केहरपुरा में दो मतदानकर्मियों और पांच वोटरों ने वोट डाला।

प्रशासनिक अधिकारी हमीनपुर समेत सात गांवों के 10 बूथों पर चल रहे मतदान बहिष्कार पर समझाइश करने हमीनपुर गांव गए। चुनावों के लिए पिलानी व सूरजगढ़ विधानसभा के प्रभारी, सीनियर आर.ए.एस. अम्बालाल मीणा, सूरजगढ़ एस.डी.एम. दयानंद रूयल और पिलानी बी.डी.ओ. सुनिल ढाका सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता की। लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। जब अधिकारी समझाइश कर रहे थे, उसी वक्त पिलानी विधायक पितराम काला वहां पहुंच गए। जिसके बाद अधिकारी तो चले गए, लेकिन पिलानी विधायक पितराम काला ने समझाइश की कोशिश की। लेकिन, ग्रामीणों ने पिलानी विधायक को खरी खोटी सुनाई और कहा कि, अब तक आप कहां थे। ग्रामीणों ने बताया कि आज पांच-छह बार अधिकारी आ चुके हैं, लेकिन, हमें तो यमुना जल चाहिए, या फिर बारिश का पानी इकट्ठा करने के लिए कुंड की स्वीकृति चाहिए। जब तक मांग नहीं मानी जाएगी, वोट नहीं डाले जाएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि, गांव के वो लोग, जो बाहर रहते हैं। उन्होंने भी गांव के आंदोलन के समर्थन में अपनी जगहों पर मतदान का बहिष्कार किया है।

जिन सात गांवों के 10 बूथों पर मतदान का बहिष्कार किया गया। उन पर 9070 महिला व पुरुष मतदाता पंजीकृत हैं। इतने बड़े स्तर पर मतदान का बहिष्कार संभवतया ना केवल झुंझुनूं में, बल्कि राजस्थान में पहली बार हो रहा है। एक-दो बूथों पर तो बहिष्कार की खबरें कभी कभार सामने आ जाती हैं, लेकिन इन 10 बूथों पर पोलिंग पार्टी सुबह से शाम तक मतदाताओं का इंतजार करती रही। ग्रामीणों ने बताया कि वे 17 जनवरी से आंदोलन कर रहे है। धरना दिया, प्रदर्शन किया, कलेक्टर से मिले और सीएम से भी मिले। लेकिन कोरे आश्वासन मिले हैं। इसलिए ग्रामीणों ने मतदान के बहिष्कार का फैसला लिया है।

# सादुलपुर में ग्रामीण क्षेत्रों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा

## शाम पांच बजे तक नहीं लगी मतदाताओं की कतार

**सादुलपुर,** (निसं)। लोकसभा चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह सात बजे मतदान शुरू हो गया था, लेकिन दिनभर मतदान केंद्रों पर सन्नाटा सा पसरा रहा तथा किसी भी मतदान केंद्र पर मतदाताओं की कतार देखने को नहीं मिली। शहर में व्यापारियों और दुकानदारों ने मतदान करने के बाद अपने प्रतिष्ठान खोले।

प्रात: सात बजे ही लोग घरों से निकल कर मतदान के लिए बूथों पर पहुंचने शुरू हो गए थे। विशेष तौर से युवाओं में जोश देखा गया तथा युवा अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में मतदाताओं को ला रहे थे। हालांकि बड़े बुजुर्गों के घर बैठे वोट डालने के कारण इस बार मतदान केंद्रों पर बड़े बुजुर्गों को कम देखा गया। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया शहरी क्षेत्र में पुलिस दल के साथ मतदान केंद्रों पर निगरानी रखे हुए थे। वहीं निष्पक्ष और बिना किसी प्रलोभन के चुनाव संपन्न करवाने के लिए प्रशासन भी मुस्तैद रहा। शाम चार बजे बाद कार्यकर्ता सक्रिय हुए तथा मतदाताओं को घरों से निकलकर मतदान करवाया। इसके बाद मत प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र झाझडिया ने घर में पूजा अर्चना कर अपनी मां जीवणी देवी से आशीर्वाद लिया तथा बाद में गांव जयपुरिया खालसा में स्थित बूथ नंबर 255 पर अपनी पत्नी मंजू, अपनी मां जीवणी देवी के साथ स्वयं ने मतदान किया। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वा ने अपनी मां एवं पूर्व विधायक कमला कस्वां के साथ पैतृक गांव कालरी पहुंचे तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थित बूथ नंबर 151,152 में मतदान किया। प्रात: सात बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही गांव हरपालु नींमा, जसवंतपुरा, चाँदगोठी हमीरवास, लम्बोर, बैरासर जैतपुरा, ढाणी मौजी, रेबारी बास, दँदेऊ मोहन सिंह, बांगडवा, बेवड, कामाण, भोजाण, गागगडवास, सुरतपुरा, न्यांगल बड़ी, न्यांगल छोटी, हांसियावास, भगेला, ढिगारला, धागडा, सिद्धमुख, चैनपुरा छोटा, चैनपुरा बड़ा व किशनपुरा आदि गांव में किये गये दौरे के दौरान दोपहर तक मतदान हल्का रहा।



नव मतदाताओं को मतदाता प्रमाण पत्र जारी किए।

सादुलपुर के बूथ 84 पर पहली बार मतदान के लिए पहुंची चचेरी बहनें रिया व खुशी कंदोई ने मतदान कर खुशी जाहिर की तथा बताया कि राष्ट्र हित में मतदान किया है। इसके अलावा रवीना मीणा ने भाग संख्या 166 मतदान केंद्र-राउप्रावि लम्बोर छिंपियांन, सिमरन मीणा भाग संख्या 166 मतदान केंद्र-राउप्रावि लम्बोर छिंपियांन ने पहली बार मतदान कर खुशी जाहिर की। वार्ड 36 में आरती कंवर ने पहली बार मतदान किया। वहीं वार्ड नंबर 37 में रामावतार जांगिड, सुमेर सिंह व मनोज शर्मा आदि अनेक युवाओं ने मतदान किया।

**सिद्धमुख में मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की व्यवस्था नहीं दिखी :-** लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर शुक्रवार को सिद्धमुख कस्बे के मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। वहीं सुबह 7 बजे से ही बूथों पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। सवेरे से ही मतदाताओं में वोटिंग को लेकर उत्साह नजर आया। जहां पुरुषों से महिलाओं की संख्या ज्यादा नजर आई। सवेरे से कतारें लंबी होने के कारण मतदाता अपनी-अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

खास तौर पर नए वोटर में जोरदार उत्साह देखा गया। पहली बार मत डालने वाले मतदाताओं को बीएलओ द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया और धूप बढी तो मतदान में जरूर थोड़ी सी कमी आई। लेकिन मतदान शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हुए। पुलिस जाब्ता भी चप्पे चप्पे पर तैनात रहा। सिद्धमुख के 6 बूथों पर कुल वोट 7046 में से 4995 वोटो की पोलिंग हुई जो 70.89 पोलिंग प्रतिशत रहा। वहीं मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की व्यवस्था नहीं होने के कारण बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को उनके परिजन स्वयं मतदान करने के लिए लाते हुए दिखाई दिये।

# करौली-धौलपुर में गर्मी से मतदान की गति धीमी रही

## कई मतदान केंद्र तो खाली नजर आए

- **मंडरायल इलाके के जखोदा गांव में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया, समझाइश के बाद मतदान सुचारू हुआ**

**करौली,** (निसं)। करौली-धौलपुर लोकसभा संसदीय सीट के लिए शुक्रवार को शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। इस दौरान कांग्रेस, भाजपा, बसपा और निर्दलीय प्रत्याशियों ने मतदान किया। वहीं नवविवाहित दूल्हा-दुल्हनों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

करौली-धौलपुर लोकसभा सीट पर शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 53 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान भीषण गर्मी के कारण मतदान की गति दिनभर धीमी रही और कई मतदान केंद्र तो खाली नजर आए जिन पर सन्नाटा पसरा देखा गया। सर्वाधिक मतदान धौलपुर विधानसभा में 48.97 प्रतिशत और सबसे कम सपोटरा में 36.16 प्रतिशत हुआ। लोकसभा क्षेत्र में 1973710 वोट थे जिन्होंने प्रत्याशियों की भाग्य का फैसला कर दिया है। करौली-धौलपुर लोकसभा सीट पर शाम 5 बजे तक 42.53 प्रतिशत मतदान हुआ। सर्वाधिक मतदान धौलपुर विधानसभा में 48.97 प्रतिशत और सबसे कम सपोटरा में 36.16 प्रतिशत हुआ। चुनाव कार्य में लापरवाही बतरने पर सपोटरा बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ को सहायक निर्वाचन अधिकारी एआरओ ने निलंबित कर दिया।

सपोटरा विधानसभा क्षेत्र में भाग संख्या 84 गवर्नमेंट अपर प्राइमरी स्कूल सिंधुपुरा बीएलओ बाबूलाल मीणा के प्रात: 8 बजे तक भी पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंचने के कारण निलंबित किया गया है। वहीं लोकसभा चुनाव के दौरान नव विवाहित जोड़े भी मतदान करने पहुंचे। करौली के बग्गी खाना बूथ पर नव विवाहिता ने वोट डाला। फेरे लेने के बाद विदाई से पूर्व दुल्हन रवीना पुत्री बने सिंह जाटव ने मतदान केंद्र पर वोट डालकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। वहीं करौली के लैदौरकला में मतदान केन्द्र संख्या 206 पर विदाई से पहले मतदान के लिए नवविवाहित बहनें मतदान केंद्र पहुंची। लैदोर कला के सुरेश जाटव की दो बेटियों रचना और अर्चना जाटव की 18 अप्रैल को शादी हुई। अपनी विदाई से पहले दोनों बहनों ने उत्साह के साथ मतदान किया।

मंडरायल इलाके के जखोदा गांव में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। एसडीएम और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही भाजपा प्रत्याशी इंदूदेवी ने भी समझाइश की। ग्रामीण भाजपा प्रत्याशी को बुलाने की मांग कर रहे थे। बूथ पर 1400 के करीब मतदाता हैं। समझाइश के बाद मतदान सुचारू हुआ। वही चुनाव मे अपना भाग्य आजमा रहे प्रत्याशी भी मतदान के लिए पहुंची भाजपा प्रत्याशी इंदूदेवी ने परिवार के साथ पैतृक गांव करसाई के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

# अमित शाह का उदयपुर में रोड शो, दस हजार से अधिक की भीड़ जुटी

## गृहमंत्री अमित शाह ने मन्नालाल रावत के समर्थन में रोड शो किया

**उदयपुर,** (निसं)। आगामी 26 अप्रेल को उदयपुर लोकसभा सीट पर होने वाले चुनावों को लेकर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उदयपुर में रोड शो किया। यह रोड शो अपने तय समय 6.30 के बजाय डेढ घंटा देरी से शुरू हुआ। अमित शाह 8 बजकर 8 मिनट पर रोड शो स्थल देहलीगेट पहुंचे जहां से 8 बजकर 13 मिनट पर रथ पर सवार हुए और 31 मिनट में 1.3 किमी का अपना रोड शो पूरा कर अस्थल मंदिर पर सभा को संबोधित किया। अमित शाह के इस रोड़ शो में 10 हजार से अधिक की भीड़ जुटी।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार शाम उदयपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में रोड शो किया। यह रोड शो देहलीगेट से शुरू होकर बापू बाजार होते हुए 1.3 किलोमीटर का सफर तय कर सूरजपोल स्थित अस्थल मंदिर के समीप पहुंचा जहां अमित शाह की सभा हुई। रोड शो 8 बजकर 13 मिनट पर शुरू हुआ। रोड शो में अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री भजन शर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पूरे रास्ते माइक खुद हाथ में लेकर कमान संभाले रहे और युवाओं में जोश भरते रहे। तय समय से डेढ घंटा देरी से शुरू होने के बाद भी अमित शाह का लोग इंतजार करते रहे और रोड शो में पूरे रास्ते उन पर फूल बरसाते रहे। वहीं शाह ने रथ से ही भाजपा का चिन्ह दिखाया और लोगों पर फूलों की बरसात करते रहे। रोड शो में शामिल युवा 'मोदी-मोदी' के नारे लगाते रहे। रथ के पीछे रस्सी लगाकर पुलिसकर्मी चल रहे थे और इसके पीछे भाजपा पदाधिकारी चल रहे थे जो रथ के समीप आने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मी उन्हें रोक रहे थे लेकिन बापूबाजार में जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिसकर्मियों से उन्हें अंदर आने को कहा। इसके पश्चात रथ के आगे व पीछे दोनों तरफ भीड़ रोड शो में पैदल ही अस्थल मंदिर स्थित सभास्थल पहुंची। आधे घंटे के इस रोड़ शो ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नई ऊर्जा फूंक दी। अमित शाह ने अपने इस रोड शो से मेवाड़-वागड़ की चारों लोकसभा सीटों को साध दिया।



उदयपुर में रोड शो के दौरान गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहे।

- **अमित शाह ने अपने इस रोड शो से मेवाड़-वागड़ की चारों लोकसभा सीटों को साधा**

रोड शो के दौरान देहलीगेट चौराहे पर मंच बनाकर भगवान श्रीनाथजी की झांकी बनाई गई जहां चांग वादन कार्यक्रम हुआ। बैंक तिराहे पर कार्यकर्ताओं की ओर से अमित शाह पर फूल बरसाने शुरू किए जो पूरे मार्ग में चलता रहा।

# बीकानेर के शहरी और ग्रामीण मतदान केन्द्रों पर उत्सव जैसा माहौल रहा

**बीकानेर,** (निसं)। संभाग की बीकानेर लोकसभा सीट पर शाम छह बजे तक लगभग पचास फीसदी वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा वोटिंग बीकानेर पश्चिम सीट पर हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीकानेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान समाप्त होने के निर्धारित समय 6 बजे तक करीब 49.89 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया। निर्धारित समय के बाद भी मतदान केन्द्रों के अन्दर पहुंचे लोग मतदान कर रहे थे। ऐसे में फाइनल मतदान का प्रतिशत देर रात तक आने की संभावना है। इसमें सबसे अधिक बीकानेर पश्चिम में 63.51 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि सबसे कम मतदान नोखा विधानसभा क्षेत्र में 36.22 प्रतिशत रहा। इसी तरह बीकानेर पूर्व में 53.91 प्रतिशत, डूंगरगढ़ में 42.56 प्रतिशत, खाजुवाला में 53.29 प्रतिशत कोलायत में 46.20 प्रतिशत तथा लूणकरणसर में 45.51 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

बीकानेर लोकसभा क्षेत्र में शामिल अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सांय 6 बजे तक 61.56 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। वहीं देर शाम तक समाचार लिखे जाने तक कई मतदान केन्द्रों में मतदान जारी था। भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने पत्नि पाना देवी के साथ किसमीदेसर स्थित बूथ नम्बर 175 पर वोट डाला। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत मतदान के दौरान शुक्रवार को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में उत्सव जैसा माहौल रहा। मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाई।



भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने पत्नि पाना देवी के साथ किसमीदेसर स्थित बूथ पर वोट डाला।

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने पंचशती सर्किल स्थित महिला जागृति परिषद में बने मतदान केंद्र में मतदान किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीणा ने सैनिक विश्राम गृह मतदान केंद्र पर मताधिकार का उपयोग किया। जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक हरि शंकर आचार्य ने शीतला गेट के बाहर स्थित केंद्र में मतदान केंद्र में वोट डाला। जिला आईकॉन और राष्ट्रीय स्वीमर पंकज सेवग तथा ट्रांसजेंडर मतदाता मुस्कान बाई ने श्यामौली के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिले के गाढवाला गांव में ग्रामीण मतदाता ऊंट गाड़े पर बैठकर मतदान केंद्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दूसरों से मतदान करने की अपील की। यहां के शैतान सिंह राईका ने बताया कि लोकतंत्र के महोत्सव में भागीदारी निभाना उनके लिए गर्व का विषय है। जिले के दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ इस पर्व में भाग लिया। वृद्धजनों एवं दिव्यांग मतदाताओं को उनके परिजन मतदान स्थल तक लेकर आए। वहीं, मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर भी उपलब्ध करवाई गई। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में अपने मतदान केंद्रों तक पहुंची। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं विभिन्न केंद्रों पर रखे सेल्फी प्वाइंट आकर्षण के विशेष केंद्र रहे।

- **ग्रामीण मतदाता ऊंट गाड़े पर बैठकर मतदान केंद्र पहुंचे और दूसरों से मतदान करने की अपील की**

मतदान के दौरान मतदाताओं ने अपने एपिक कार्ड अथवा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों में से किसी एक का उपयोग करते हुए मतदान किया। मतदान स्थलों पर विद्युत, पेयजल सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रही। महिलाओं, युवाओं और दिव्यांग कार्मिकों वाले मतदान दलों ने भी मतदाताओं को प्रेरित किया। वहीं, ग्रीन, पिंक, यूनिक और आदर्श मतदान केंद्रों की विशेष सजावट आमजन के लिए खास रही।जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने यूआईटी स्थित इंट्रीगेटेड कंट्रोल रूम से पूरी स्थिति पर नजर रखी। उन्होंने वेब कास्टिंग की मॉनिटरिंग भी लगातार की। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस यक्ष चौधरी और जनसंपर्क अधिकारी भाग्यश्री गोदारा भी मौजूद रहे।

# वागड़ की संसदीय सीट अब भाजपा व बाप के लिए प्रतिष्ठा का मुद्दा बनी

## कांग्रेस ने दावेदार खड़ा कर गठबंधन के नाम पर आत्मसमर्पण किया

- **मालवीय को बांसवाड़ा की पांच विधानसभा सीटों पर सबसे ज्यादा है उम्मीद**
- **डूंगरपुर में भाजपा को परंपरागत वोट व कांग्रेस के निजी सहयोगियों पर भी है आस**

**डूंगरपुर,** (निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर दूसरे चरण के मतदान की तिथि को कोई एक सप्ताह रह गया है लेकिन अभी तक किसी बड़ी चुनावी सभा नहीं होने के कारण चुनावी रंगत तो फिजा में नहीं जम पायी है लेकिन भाजपा के साथ-साथ क्षेत्रीय दाल बीएपी ग्रामीण क्षेत्रों को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं।

जहां दोनों दलों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का उम्मीदवार भी चुनावी समर से अभी तक हटा नहीं है और न ही उसके पास ऐसे कोई निर्देश हैं। लोकसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही जिस तरह बीएपी के प्रत्याशी व समर्थक भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस को भी जमकर कोसने में लगे हुए थे यही नहीं बीएपी के समर्थक तो ग्रामीण क्षेत्र से लगाकर मुख्य सड़कों पर आतंक के साये में प्रचार अभियान करने में जुटे हुए हैं ओर विशेष कर इस क्षेत्रीय दल से जुड़ा हुआ युवा तो शाम ढलने के साथ ही सड़कों पर इस तरह हुड़दंग मचाता है मानो कानून व्यवस्था उनके अभिकर क्षेत्र की बात हो। हाल ही में भाजपा समर्थक एक सरपंच की गाड़ी पर न केवल झंडा उतर दिया अपितु उसे चेतावनी भी दे डाली कि वह भाजपा के प्रचार से अपने आप को दूर रखे। इस सम्बन्ध में प्राथमिकी भी दर्ज हो गयी है और इस घटना के बाद राज्य सरकार ने भी ऐसी हरकतों पर रोक लगाने एवं निर्भीक व निष्पक्ष मतदान करवाने के लिए चुनाव आयोग ने भी कठोर कदम उठाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

भाजपा के लिए अब कई पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेताओं की रेलमपेल शुरू हो गयी है तथा अपने तथा परंपरागत वोटों के अलावा कांग्रेस के वे मतदाता जो कांग्रेस के अभिकृत उम्मीदवार को लेकर असमंजस में हैं उन्हें रिझाने की जुगत में लगे हैं क्योकि डूंगरपुर जिले का कांग्रेस कर्मी पूरी तरह क्षेत्रीय दल से समझौते के खिलाफ था। गुरुवार को कांग्रेस व बीएपी की एक बैठक कुछ नेताओं के साथ एक होटल में हुई है जिसमें प्रचार को ले कर भी सहमति बनी है। बीएपी तो पहले ही किसी की आवश्यकता से नकार चुकी है क्योंकि वह पूरी तरह अपने सामाजिक मतों व अल्पसंख्यकों के मतों पर ज्यादा ध्यान दे रही है।

लोकसभा चुनाव में डूंगरपुर जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों में लगभग आठ लाख मतदाता हैं। चौरासी क्षेत्र में बीएपी हाल ही के विधानसभा चुनावों में जिस तरह साथ हजार से अधिक मतों से जीत कर इस क्षेत्र को अपना वोट बैंक बना चुकी है वहीं दूसरी ओर बांसवाड़ा जिले से पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं और करीब तेरह लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं हालही के विधानसभा चुनावों में पांच विधानसभा सीटों में चार पर कांग्रेस विजयी रही थी और एक विधान सभा सीट भाजपा के खाते में गयी थी तथा इस क्षेत्रीय दल का आरंभ से ही पैर नहीं ज़माने दिए थे। लेकिन लोकसभा चुनावों में गठबंधन से भी ज्यादा अर्जुन बामनिया व अन्य विधायक जो की कांग्रेस राज में मालवीय के दबदबे से खासे परेशान थे वे अब मालवीय को किसी भी कीमत पर विजयश्री का सेहरा नहीं बंधवाने के इच्छुक हैं। हालांकि मालवीय और उसके कुछ खास समर्थकों ने डूंगरपुर जिले में भी कांग्रेस में आपसी गुटबाजी पनपने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और उसीके परिणाम स्वरुप हालही के चुनावों में तीन विधानसभा क्षेत्रों में तो कांग्रेस की जमानत भी जब्त हो गयी थी।

केवल डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने अपने बलबूते पर बड़ी जित हांसिल कर कांग्रेस के कर सेवकों को आइना दिखा दिया था। ऐसे में इस बार वे भी अभी तक तो चुनावी समर से खुले तोर पर अपने आपको अलग ही रखे है और वे गुरुवार को हुई बैठक से भी अपने आप को दूर रख कर अपनी मंशा जाहिर कर चुके हैं। ऐसे डूंगरपुर का कांग्रेस संगठन किस तरह की रणनीति अपनाता है क्योकि अप्ल संख्यक मतदाता तो कांग्रेस की ओर से दिशा निर्देश नहीं होने के कारण बीएपी की ओर अपना रुख करने को आतुर है ऐसे में इक्कीस अप्रेल को बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली चुनावी सभा के बाद ही फिजा में किस तरह भगवा रंग घुलता है।

# राजस्थान के 12 लोकसभा क्षेत्रों में 5.84 प्रतिशत गिरावट के साथ मात्र 57.87 फीसदी मतदान

## जबकि इन्हीं क्षेत्रों वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 63.71 फीसदी वोटिंग हुई थी

| लोकसभा क्षेत्र | वर्ष 2024 | वर्ष 2019 |
|---|---|---|
| श्रीगंगानगर | 65.64 % | 74.39 % |
| बीकानेर | 53.96 % | 59.24 % |
| चूरू | 62.98 % | 65.65 % |
| झुंझुनूं | 51.62 % | 61.78 % |
| सीकर | 57.28 % | 64.76 % |
| जयपुर ग्रामीण | 56.58 % | 65.00 % |
| जयपुर शहर | 62.87 % | 68.11 % |
| अलवर | 59.79 % | 66.82 % |
| भरतपुर | 52.69 % | 58.81 % |
| करौली–धौलपुर | 49.29 % | 55.06 % |
| दौसा | 55.21 % | 61.20 % |
| नागौर | 56.89 % | 62.15 % |

- **श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर शहर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शााम 6 बजे तक मतदान हुआ**
- **निर्वाचन विभाग ने प्रदेश के 12680 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग से निगरानी रखी**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में राजस्थान के 12 निर्वाचन क्षेत्रों में शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कुल 57.87 फीसदी मतदान हुआ। श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर शहर, अलवर, भरतपुर, करौली–धौलपुर, दौसा और नागौर में हुए इन लोकसभा चुनावों में ई.वी.एम. के जरिए 57.26 फीसदी वोटिंग हुई है, जबकि शेष 0.61 प्रतिशत मतदान पोस्टल बैलेट के जरिए हुआ।

अगर इन्हीं 12 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान की गत वर्ष 2019 के चुनाव से तुलना करें तो इस बार करीब 5.84 फीसदी कम वोटिंग हुई है। क्योंकि वर्ष 2019 में इन्हीं 12 क्षेत्रों में कुल 63.71 फीसदी मतदान हुआ था।

निर्वाचन विभाग की तमाम कोशिशों और पुलिस सुरक्षा के बीच शुक्रवार को 23 हजार 370 मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान संपन्न हुआ। हालांकि कुछेक जगह उपद्रव की छिटपुट घटनाएं भी हुई है। नव विवाहित जोड़ों, दिव्यांग, थर्ड जेंडर, आदिवासियों, वृद्धों और युवाओं समेत सभी मतदाताओं ने मतदान में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। नव मतदाताओं ने बढ़–चढ़ कर वोट किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इन 12 लोकसभा क्षेत्रों में 57.87 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें ई.वी.एम. के जरिए 57.26 और पोस्टल बैलेट से 0.61 वोटिंग दर्ज की गई है। फॉर्म 17ए की जांच के बाद 20 अप्रैल तक ही अंतिम मतदान प्रतिशत के आंकड़ें प्राप्त हो सकेंगे। शाम 6 बजे तक भी कई स्थानों पर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी थीं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदाता बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचने लगे। दिनभर मतदान केंद्रों पर हंसते–मुस्कराते, उत्साह से लबरेज मतदाताओं का तांता लगा रहा।

गुप्ता ने बताया कि इन क्षेत्रों के 12680 मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया की लाइव वेब कास्टिंग करवाई गई। रिटर्निंग अधिकारी, जिला एवं राज्य स्तर पर और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर पर वेब कास्टिंग की मॉनटरिंग की गई। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में केन्द्रीय पुलिस बल और माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए।

सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैम्प, पीने के पानी, छाया, व्हीलचेयर और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए वाहन सहित अन्य व्यवस्थाएं की गईं। साथ ही, मतदाताओं की सहायता के लिए हर मतदान केन्द्र पर वॉलन्टियर्स तैनात किए गए।




पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शुक्रवार को जयपुर में सी-स्कीम स्थित सरदार पटेल मार्ग पर रेजीडेंसी स्कूल में अपना वोट डाला।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को प्रातः लोकसभा आम चुनाव 2024 के प्रथम चरण के तहत हो रहे मतदान के लिए सिद्धार्थ नगर के नवोदय महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मतदान केन्द्र पहुंचे। उन्होंने मतदान केन्द्र पर सपरिवार मतदान किया।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने परकोटे में गणगौरी बाजार में जनाना ड्योढी स्थित एक स्कूल में मतदान किया।




राज्यपाल कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना मतदान किया। राज्यपाल मतदान के लिए प्रात: 9.30 बजे सी स्कीम, सरदार पटेल मार्ग स्थित महात्मा गांधी राजकीय आवासीय विद्यालय मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने वहां अपना मतदान किया।

## श्री काँची प्रतिवादी भयंकर मठ के गादी स्वामीजी का गलतापीठ में अभिनंदन



**जयपुर**, (का.सं.)। उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी में वेदान्ताचार्य जगद्गुरू अनन्त श्री विभूषित श्री काँची प्रतिवादी भंयकर मठ गादी स्वामी श्रीनिवासाचार्य महाराज एवं बालक स्वामी अनंताचार्य का श्री गलता पीठ में आगमन हुआ।

इस पावन अवसर पर गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य एवं युवाचार्य राघवेन्द्र ने गादी स्वामी एवं बालक स्वामी की नारियल से कपूर आरती की व शठारी दी। स्वामी का कारी, शंख, छत्र आदि से भव्य स्वागत किया गया।

इसके पश्चात गादी स्वामी जी एवं बालक स्वामी ने गलता पीठ में विराजमान विग्रहों के दर्शन किए। गलता पीठ के युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्र द्वारा श्री गादी स्वामी के पाद–पूजन के पश्चात स्वामी ने सभी भक्तों को आशीर्वाद, अक्षत, फल प्रसाद आदि दिए।

गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने गादी स्वामी एवं बालक स्वामी का तथा स्वामी जी के साथ पधारे संतों व परिकरों का भी बहुमान किया।

इस अवसर पर श्याम भूतड़ा, सुरेश त्रिवेदी, श्रीगोपाल मोदानी, पंकज जोशी, गिरिराज शर्मा, रतन मीणा, वसुंधरा, हेमन्त, अंशु गुप्ता सहित श्री वैष्णव जन एवं नगर के अनेकों विशिष्टजनों ने स्वामी का व्यक्तिशः आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मैकेनिक पर एक लाख रुपए का हर्जाना

**जयपुर**, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर–द्वितीय ने मोटरसाइकिल इंजन में घटिया पार्ट्स लगाने व रिपेयर सही तरीके से नहीं करने को अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस व सेवादोष करार दिया है। इसके साथ ही आयोग ने विपक्षी यादव होंडा केयर, कालवाड रोड के शिव कुमार यादव पर एक लाख रुपए हर्जाना लगाया है। आयोग ने इंजन की मरम्मत के पेटे वसूली राशि 8,717 रुपए भी 9 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने का निर्देश दिया है।

## आठ दिन में दुकान में दो बार चोरी

**जयपुर**। कानोता इलाके में चोरों ने आठ दिन में एक दुकान को दूसरी बार निशाना बनाया है। चोर दुकान की दीवार में सेंधमारी कर किराने का सामान ले गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि माली की कोठी बगरना निवासी धारा सिंह (40) ने मामला दर्ज करवाया कि 52 फीट हनुमान मंदिर के सामने उनकी मैसर्स संत किराना स्टोर के नाम से दुकान है। गुरुवार रात करीब 9 बजे वे दुकान बंद कर वह घर चले गए। देर रात बदमाशों ने चोरी के लिए दुकान को निशाना बनाया गया। दुकान के जीने की दीवार में बड़ा छेद कर बदमाश अंदर घुस गया। इसके बाद दुकान में रखा करीब 3 लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर लिया। दीवार में बने छेद से ही बदमाश सामान चोरी कर बाहर निकल गया। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे दुकान खोलने पर चोरी का पता चला। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पूरी घटना की जानकारी मिली। चोर रात करीब 1:45 बजे दुकान में घुसता दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने बताया कि 10 अप्रेल को भी मेरी दुकान में चोरी हुई थी। दीवार में बड़ा छेद करके बदमाश घुसा था।

## ‘फुर्तीले’ मूवी की स्टार कास्ट ने मचाया धमाल

### जस्सी गिल व अमायरा दस्तूर ने युवाओं को किया अट्रेक्ट



**जयपुर**। बॉलीवुड एक्टर्स अमायरा दस्तूर और पंजाबी सिंगर व एक्टर जस्सी गिल की पंजाबी फिल्म फुर्तीला 26 अप्रेल को रिलीज हो रही है। फिल्म को अमर हुंदल ने प्रोड्यूस किया है। फुर्तीला के प्रमोशन के लिए फिल्म की स्टारकास्ट शुक्रवार को दिल्ली पहुंची। इस दौरान स्टार कास्ट दिल्लीराइट्स से रूबरू होने के लिए शहर के अलग अलग स्थानों पर फिल्म का प्रमोशन करती दिखाई दी। अभिनेता जस्सी गिल व अभिनेत्री अमायरा दस्तूर टैक्निया कॉलेज पहुंचे, जहां स्टूडेंट्स ने फिल्म का पोस्टर हाथों में लेकर व फुर्तीला की टी–शर्ट पहनकर उनका वेलकम किया। दोनों ने टैक्निया कॉलेज के ऑडिटोरियम में लाइव परफॉर्मेंस दी। जस्सी गिल ने अपनी अपकमिंग मूवी ‘फुर्तीले’ के गाने सूरज, मैं कंवळा, ओ स्याणी है तां की होया...., प्यार चे हां...., हाल पुच्छी दा... और रब्बा.... पर प्रस्तुति देकर माहौल में खासा गर्मी पैदा कर दी। जस्सी गिल के डांस मूव्स पर युवा जमकर थिरके।

इसके बाद स्टार कास्ट केशव महाविद्यालय में फिल्म प्रमोशन के साथ साथ लोगों से इंटरेक्शन करती नजर आई। इस दौरान जस्सी गिल ने मीडिया से फिल्म के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा पंजाब से जुड़ी अनूठी कहानियों को करने के लिए तैयार रहता हूं। उन्होंने कहा– मैं कॉमेडी फिल्म करना चाहता था, जिसमें रोमांटिक एंगल भी हो और अच्छी तरह से उकेरे गए किरदार पेश किए हों, ‘फुर्तीले’ में यह सब कुछ है। जहां तक अमायरा की बात है, उन्होंने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए खास है। हालांकि इससे पहले पंजाबी फिल्मों एनी हाउ मिट्टी पाओ और चिड़ियां दा चंबा में काम किया है।

## रजवाड़ों व घरानों की शाही व्यंजनों को देशभर में प्रस्तुत कर रहे शेफ डॉ. सौरभ

### वर्ल्ड हैरिटेज डे पर राजस्थान की पाक हैरिटेज पर विशेष

**जयपुर**, (का.सं.)। महारानी गायत्री देवी की रसोई की शान चांदी की दाल और हुज़ूर का पुलाव, वहीं शाहजहां द्वारा बनाए गए नागौर के किले की दास्तां नागौरी क़ोरमा हो या जोधपुर घराने का प्रसिद्ध खड़ मुर्ग हो, राजस्थान अपने इतिहास में ऐसी कई रेसेपीज संजोय बैठा है। ऐसी ही कुछ राजस्थान की रॉयल परिवारों के खजानों में छुपी चुनिंदा रेसिपीज़ को जाने–माने शेफ डॉ सौरभ शर्मा पूरे भारत तक पंहुचा रहे हैं। राजस्थान के रजवाड़ों की रसोई की शान और पाक विरासत को जीवित रखने की कोशिश कर रहे शेफ सौरभ कई बड़ी उपाधियां अपने नाम कर चुके हैं। नेशनल चैनल फ़ूडएक्स्पी पर शो राजस्थानी रसोई के पहले सीजन की सफलता के बाद अब सीजन 2 के 10 एपिसोड्स के शो में शेफ जयपुर घराना, मेवाड़ घराना, जोधपुर घराना, बीकानेर घराना, कोटा घराना सहित विभिन्न रजवाड़ों के समय, स्वाद और सरलता को टीवी पर प्रस्तुत कर रहे है।

2018, 2019 में इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स और 2023 में लिम्का बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स हासिल कर चुके शेफ सौरभ ने इंडियन फ़ूड में मास्टरी और राजस्थान के लुफ्त व्यंजनों और उसका पर्यटन उद्योग पर प्रभाव पर डॉक्टरी की है। साथ ही वे राजस्थान के मिलेटस–बाजरा और जवार को अपनी डिशेस में मुख्य रूप से बढ़ावा देते रहे हैं। जिसके चलते शेफ को एफएसएसआई द्वारा प्रसार भारती दिल्ली पर आयोजित हुए कार्यक्रम में शेफ रणवीर बरार, शेफ राकेश शेट्टी के साथ मिलेटस ऑफ़ इंडिया थीम पर राजस्थान मिलेटस पर तैयार की गई डिशेस की रेसिपीज़ शोकेस करने के आमंत्रित किया गया था। वहीं भारत सरकार द्वारा भारत पर्व के दौरान लाल किले पर लाइव कुकिंग करने के लिए पूरे देश से चयनित किए गए 6 शेफ्स में राजस्थान से सिर्फ उनका चयन किया गया।

मास्टरशेफ इंडिया की रीजनल ज्यूरी शेफ सौरभ ने बताया कि राजस्थानी खाने और उससे जुड़ी कहानियां हमारे प्रदेश की धरोहर है। राजस्थान के हर क्षेत्र से रॉयल क्यूज़ीन के साथ ही वहां की रिवाज़ और शौर्य की कहानी को भी मैं थाली में सजाने की कोशिश करता हूं। चाहे वो



कोटा राजघराने और चम्बल नदी से निकली राई की मच्छी, दही मैथी मच्छी हो या मंडोर की मुगलों पर जीत की कहानी बाजर मींढा हो।

इन सभी रेसिपीज़ को इतिहास के पन्नों से निकलने के लिए मैंने राजस्थान की कई रॉयलिटीज का इंटरव्यू लिया, लिटरेचर की किताबों का सहारा लिया। साथ ही राज्य में विभिन्न जगहों पर संग्रह की गई मेन्यूस्क्रिप्ट्स से इन रेसिपीज़ के मसालों और प्रजनन की जानकारी हासिल की है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। राजधानी में अलग–अलग स्थानों पर सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। जवाहर सर्किल पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने बस को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। पुलिस के अनुसार तानाजी मार्ग ब्रह्मपुरी निवासी 19 वर्षीय चिन्मय गौड पुत्र संजय गौड बाइक लेकर घर जा रहा था। सुबह करीब 10 बजे जवाहर सर्किल पर एक रोडवेज बस ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रोडवेज बस सवाईमाधोपुर डिपो की है। बस को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। वहीं बी–टू–बाइपास पर एक तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दोनों युवक परीक्षा देने जा रहे थे। मामले की जांच दुर्घटना थाना दक्षिण पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार भांकरोटा निवासी 20 वर्षीय अरियंत पुत्र चौगान और उसका साथी सागर शर्मा स्कूटी पर सवार होकर परीक्षा देने जा रहे थे। बी टू बाइपास पर नारायण विहार के पास गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर अरियंत की मौत हो गई।

# बीकानेर के दइया गांव में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोगों ने मतदान में रूचि नहीं दिखाई

## बीकानेर जिले में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में औसतन 40 से 55 प्रतिशत मतदान हुआ

**बीकानेर, (निसं)।** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक औसत मतदान 40 से 55 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन विभाग, जिला व पुलिस प्रशासन की सजगता, चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस व अन्य सुरक्षाकर्मियों की सजगता, कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से लोकतंत्र के उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। गोगागेट वाल्मीकि बस्ती में पानी एकत्रित होने, दइया गांव में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में कई लोगों ने मतदान में अरूचि दिखाई।

सुबह सात बजे से ही मतदान शुरू होने से मतदान केन्द्र के कार्मिक, सुरक्षाकर्मी सुबह चार बजे ही मतदान सामग्री को तैयार कर निर्धारित समय चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी। कुछ मतदान केन्द्रों में ई.वी.एम. मशीन के अटकने से कुछ देर बाद शुरू मतदान हुआ वहीं कई स्थानों में चलते मतदान के दौरान ई.वी.एम. मशीन कुछ देर के लिए ठीक करने से लोगों को परेशानी होगी। वैध मतदाता पहचान पत्र में जन आधार को स्वीकार नहीं करने से अनेक महिला मतदाताओं को मतदान अधिकारियों से उलझने के बाद बिना मतदान किए ही लौटना पड़ा। बीकानेर नगर के रानी बाजार स्थित गुरुद्वारा स्कूल के महिला मतदान केन्द्र पर जन आधार लेकर

- **एक मतदान केन्द्र पर जन आधार लेकर पहुंची महिलाओं को बिना मताधिकार का प्रयोग किए लौटना पड़ा, कुछ मतदान केन्द्रों में ई.वी.एम. मशीन के अटकने से कुछ देर बाद शुरू मतदान हुआ**

पहुंची महिलाओं को बिना मताधिकार का प्रयोग किए लौटना पड़ा, जबकि जन आधार केन्द्र में महिला प्रमुख होने के कारण उसका फोटो, आधार नम्बर अंकित थे। गुरुद्वारा स्कूल के मतदान केन्द्र पर धोबीतलाई की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शबनम बानों बुर्के में मतदाताओं को मतदान कार्य में सहयोग कर रही थी।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बीकानेर में इंदिरा खींचड़ के पैर में फ्रैक्चर होने के बाद भी लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी के लिए अपने पुत्र के साथ मतदान करने पहुंची। उन्होंने मतदान केन्द्र पर सुलभ व्हील चैयर का उपयोग करते हुए सुगमता से मतदान किया। शिवबाड़ी की राजकीय स्कूल के मतदान केन्द्र में दिव्यांग सरोज शर्मा, बेगानी चौक के भैरव रत्न बालिका विद्यालय के मतदान केन्द्र पर दिव्यांग दीपिका विशेष वाहन से तथा पैरों से लाचार गवरा देवी व्हील चैयर पर मतदान केन्द्र पर पहुंच कर मतदान किया। स्कूल में तैनात गाइड छात्रा रीतिका भाटी, रीचा सोनी, लक्षिता कुमावत व चंचल कंवर सोलंकी ने दिव्यांगों को मतदान करवाने में सहयोग किया। बिन्नाणी कॉलेज के मतदान केन्द्र पर दिव्यांग भादाणी ने उत्साह से मतदान किया।

लोकसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी 72 वर्षीय आत्मा राम गुजराती (वाल्मीकि) ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया तथा कड़ी चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों व सुरक्षाकर्मियों को लोकतंत्र के उत्सव में सजगता से कार्य करने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कोचरों के चौक की गोपाल बजाज स्कूल व जस्सूसर गेट के बाहर नेहरू शारदा पीठ कॉलेज सहित अनेक मतदान केन्द्रों पर लगे चुनाव प्रक्रिया की निगरानी में जिला प्रशासन की ओर से लगाए गए सी.सी.टी.वी. कैरों की व्यवस्था को उत्तम बताया। गुजराती ने पाबू बारी स्कूल में पहली बार वोट देने आई सहारा हटीला, दुर्गा परिहार को अधिकाधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने, शिक्षित बनकर समाज व देश सेवा करने का आशीर्वाद दिया।

# नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

## एक महीने तक बंधक बनाकर किया था दुष्कर्म

**डूंगरपुर, (निसं)।** स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण कर उसका रेप करने के मामले में आरोपी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी पर 2 लाख 70 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के सरकारी वकील योगेश जोशी ने बताया कि एक पिता ने मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि वह और उसकी पत्नी अहमदाबाद में मजदूरी करते हैं। घर पर उसके माता-पिता 15 वर्षीय बेटी और 3 छोटे बच्चे रहते हैं। 2 सितंबर 2022 को उसकी 15 वर्षीय बेटी घरेलू सामान लेने घर से निकली थी, जो की वापस नहीं आई। सूचना मिलने पर वह घर आया और बेटी की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। बाद में पता चला की मुकेश उसकी बेटी का अपहरण करके ले गया है। पुलिस ने

- **2.70 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया**

मामला दर्ज कर जांच शुरू की और 9 नवंबर 2022 को नाबालिग को अहमदाबाद से डिटेन किया।

नाबालिग ने बताया की मुकेश उसका अपहरण करके ले गया था और एक माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया। जिस पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी मुकेश को गिरफ्तार किया। वहीं, जांच पूरी करने के बाद पॉक्सो कोर्ट में चालान पेश किया। इसी मामले में कोर्ट ने शुक्रवार को अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी मुकेश को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषी को शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, 2 लाख 70 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

# लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**टोंक, (निसं)।** पुलिस ने लूट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है। वहीं आरोपियों से घटना में लूटी गयी नगदी व अन्य सामान तथा घटना में प्रयुक्त वाहन व हथियार आदि को जब्त किया।

संजीव नैन, जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जितेन्द्र पाराशर निवासी राजमहल थाना देवली देर शाम मोटरसाईकिल पर केकडी से अपने गॉव राजमहल आ रहा था। बीसलपुर से राजमहल के बीच सुनसान रास्ते पर कार सवारों नेजितेन्द्र पाराशर की मोटरसाईकिल के कार से पीछे से टक्कर मारकर गिरा दिया। अपनी कार में डाल कर आंखों में लाल मिर्ची पाउडर डालकर मारपीट कर चाकू की नोंक पर जेब में रखे पैसे, एटीएम, क्रेडिट कार्ड व पहने हुए सोने के आभूषण लूट कर ले गये तथा मारपीट कर लहूलुहान हालत में बारला पोलिया के चौराहे पर पटक कर चले गये।



पुलिस ने लूट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिस पर थाना देवली में प्रकरण दर्ज किया। वारदात की गम्भीरता को देखते हुए राजकुमार थानाधिकारी थाना देवली के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना से संबधित जानकारियां जुटाई, तरीका वारदात,

- **पूछताछ के दौरान उक्त आरोपियों द्वारा अपहरण कर लूट की वारदात को अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया**

सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल तथ्यों के आधार पर संदिग्ध लोगों से पूछताछ के दौरान दिलखुश गुर्जर निवासी बनेठा, राजकुमार उर्फ पिन्टू निवासी श्रीनगर थाना नगरफोर्ट जिला टोंक एवं गोर्वधन उर्फ गोधा से पूछताछ के दौरान उक्त आरोपियों द्वारा उक्त अपहरण कर लूट की वारदात को अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों से घटना में लूटी गयी नगदी व अन्य सामान तथा घटना में प्रयुक्त वाहन व हथियार आदि को जब्त किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

## जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** दिल्ली मुंबई रेल मार्ग पर गंगापुर रेलवे स्टेशन के यार्ड में खड़ी इमरजेंसी ट्रेन के पास महूकला पुलिया के ऊपर एक अज्ञात महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इमरजेंसी ट्रेन के पास शव पड़ा होने की सूचना पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। वहीं, महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद उसकी 15 वर्षीय बेटी के सिर से मां का साया उठ गया। जीआरपी पुलिस के अनुसार रात करीब 11.30 बजे कुछ लोगों ने जीआरपी पुलिस को सूचना दी कि इमरजेंसी ट्रेन के पास महुकला पुलिया के ऊपर अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद स्टेशन मास्टर को भी अवगत कराया गया, लेकिन सूचना देने के 3 घंटे बाद भी रेल प्रशासन के कानों तक जू नहीं रेंगी और ना ही जीआरपी को मेमो उपलब्ध करवाया गया, न ही शव को उठाने के लिए कोई संसाधन स्ट्रक्चर या अन्य चीज उपलब्ध कराई गई। इसके वजह से जीआरपी पुलिस को 3 घंटे तक मौके पर ही खड़ा रहना पड़ा।

जीआरपी के कांस्टेबल दिलीप सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी हैड रामेश्वर और आरपीएफ स्टॉफ ने कोशिश की लेकिन स्टेशन प्रशासन ने कोई सुनवाई नहीं की। बाद में जब जीआरपी पुलिस को स्ट्रक्चर और अन्य चीज उपलब्ध करवाई गई तब जाकर मृतका के शव को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। उन्होंने बताया कि इस महिला के साथ एक लगभग 15 से 16 साल की बच्ची है, जो अनाथ हो गई है। महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से बालिका के सर से मां आकाश आया उठ गया इतना ही नहीं उक्त बालिका का दिमाग मानसिक रूप से सही नहीं है। जीआरपी पुलिस ने बाल सुधार गृह एवं अन्य संस्थाओं से बालिका को रखने और भविष्य में उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# लापरवाही पर बीसीएमओ सहित दो निलंबित

## चुनाव डयूटी में कार्यरत रामचंद्र अध्यापक पीओ 2 ने शराब पीकर लोगों से दुर्व्यवहार किया

**चूरू, (कासं.)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में दिए गए निर्वाचन दायित्वों में लापरवाही पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने तारानगर बीसीएमओ सहित दो कार्मिकों को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। यहां जिला कलेक्टर की ओर से जारी आदेश के अनुसार तारानगर बीसीएमओ डॉ. चंदनसिंह को बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय परित्याग किए जाने तथा आवंटित निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

निलंबन काल में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी चूरू रहेगा। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी मेघसर में पदस्थापित अध्यापक रामचंद्र को निर्वाचन दायित्वों में लापरवाही पर निलंबित किया गया है। निलंबन आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र चूरू में चुनाव ड्यूटी में कार्यरत रामचंद्र अध्यापक पीओ 2, मतदान दल संख्या 961 द्वारा मतदान केंद्र 78 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (बांया भाग) सिरसला में शराब पीकर स्थानीय लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जाना पाया गया। सेक्टर अधिकारी, पीआरओ तथा मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर कार्मिक रामचंद्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल के दौरान इनका मुख्यालय कार्यालय सहायक रिटर्निंग अधिकारी सादुलपुर रहेगा।

# हथियारों सहित तीन को दबोचा

**बीकानेर, (निसं)।** बीकानेर में पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए कोटगेट क्षेत्र में सैमसंग शोरूम रोड़ पर एक युवक को रोककर पूछताछ की और तलाशी ली। इस दौरान गंगाशहर रोड़ पर रहने वाले चेतनसिंह के पास से दो पिस्टल और सात जिंदा कारतूस मिले। वहीं दूसरी टीम ने राजपूत छात्रावास के पास एक युवक को देखा। पुलिस टीम को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने युवक को दबोच कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान हनुमान हत्था के रहने वाले करणपाल राजपुरोहित के पास से एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस मिले। इसी क्रम में पुलिस टीम ने चौखुंटी पुलिया के नीचे से गौरव पालीवाल को एक अवैध पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई करने वाली टीम में कोटगेट थानाधिकारी मनोज शर्मा, सदर थानाधिकारी बृजभूषण, नयाशहर थानाधिकारी विक्रम, एसआई गौरव बोहरा, मोनिका, दिलीपसिंह, सुनील, दीपक यादव, शीशराम, सवाईसिंह, रमेशकुमार, चानणराम, श्रवण, नीरज शामिल रहें।

# भाजपा धर्म और श्रीराम के नाम पर चुनाव जीतने के प्रयास में जुटी : जयराम रमेश

## कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयराम रमेश जोधपुर प्रवास पर पत्रकारों से रूबरू हुए

**जोधपुर, (कासं)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केबिनेट मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण करके सत्ता हासिल करना चाहती है और इसके चलते वह जन जन के आराध्य श्रीराम के व्यक्तित्व को भी भुनाकर आमजन के आस्था से खिलवाड़ कर रही है। वे आज जोधपुर प्रवास पर पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा भाजपा ने सरकारी मशीनरी का उपयोग करके इलेक्टोरल बाण्ड अपने पक्ष में कराकर अब तक का सबसे बड़ा घोटाला किया है। जिसको छिपाने और दबाने का प्रयास भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के चलते एसबीआई बैंक को इसका खुलासा करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष के लोकसभा चुनाव के दौरान स्थितियां बदल चुकी है और देश की जनता कांग्रेस की ओर से आयोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक और मणिपुर से महाराष्ट्र तक राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गई। अब लोकतंत्रत को बचाने के साथ संविधान को बचाने के लिये इस बार का लोकसभा चुनाव हो रहा है। जिसमे जनता अब भाजपा के जुमले और छलावे में नहीं आयेगी और इस बार भाजपा के जीत के आंकड़ों के मंसूबों पर रोक लगायेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक और अन्य राज्यो में विधानसभा चुनाव के दौरान गारंटी वाला घोषणा पत्र जारी किया और उसके सकारात्मक परिणाम आये तो कांग्रेस ने अपने गांरटी कार्ड के वादे पुरे किये है। लेकिन अब भाजपा भी मोदी के नाम की गारंटी के नाम पर अपना घोषणा पत्र जारी कर रही है। जबकि 2014 में मोदी ने जिस महंगाई और बेरोजगारी के नाम पर चुनाव लड़ा था और विदेशो में फंसे धन को लाकर हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख रूपए और युवाओं को रोजगार देने तथा किसानों की आमदगी बढ़ाने के वादे किये लेकिन वो पूरे नहीं किये जबकि महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी वहीं किसानों की आय कम हुई।

उन्होंने कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन में 28 पार्टियों ने मिलकर देशभर में अपने उम्मीदवार उतारे है जिसके परिणाम चौकाने वाले होगे। उन्होने कहा कि एक तरफ चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीते दस साल के शासन को अमृतकाल बता रहे है जबकि वो हकीकत में अन्याय काल के रूप में जाना जायेगा। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने अपने गारंटी कार्ड को देश के 25 करोड़ परिवारों में से 8 करोड़ परिवारों तक अपनी पहुंच बनायी है और गत विधानसभा चुनावो में राजस्थान हो और अन्य प्रदेशो में भी कांग्रेस के उम्मीदवारों ने कड़ी टक्कर दी थी और वो ही हालत लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान नजर आयेगी।

उन्होने इलेक्टोरल बांड पर चर्चा करते हुए कहा कि यह राजस्थान में हुए संजीवनी घोटाले से दस गुणा ज्यादा है जिसमे भाजपा ने अपने सत्ता के दम पर सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करके उधोगपतियों और ठेकेदारों को डरा धमका कर चन्दा लेकर धंधा करने की छूट ठेका देकर घूस के रूप में इलेक्टोरल बांड बेचे और हफ्ता वसूली करने के साथ शेयर बाजार में लिस्ट बोगस कंपनियों को भी फायदा पहुंचाया। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में ओपीएस को नहीं जोडऩे के सवाल पर कहा कि कांग्रेस ओपीएस के प्रति गंभीर है और अगर उसकी सरकार बनी तो वो इसको प्राथमिकता से लागू करने का प्रयास करेगी।

राजस्थान में भी लोकसभा चुनाव के दौरान डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद कांग्रेस और उसके गठबंधन के उम्मीदवारों के विजये होने के संकेत दिये। इस बार 25 सीटो में से कम से कम आधी सीटो पर कांग्रेस जीतेगी और पूरे प्रदेश में कांग्रेस और उसके गठबंधन पार्टियों के उम्मीदवार टक्कर देंगे।

# रोहित गोदारा गैंग का सक्रिय सदस्य व इनामी गिरफ्तार

## आरोपी के पास से दो पिस्टल व सात जिंदा कारतूस भी बरामद

**बीकानेर, (निसं)।** जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने यह जानकारी दी। पुलिस ने टीम ने रोहित गोदारा गैंग से जुड़े सक्रिय सदस्य वांछित और 40 हजार के इनामी माधव पारीक को सिलीगुड़ी से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है। माधव के खिलाफ विभिन्न थानों में कुल आठ मामले दर्ज है। वहीं मुक्ताप्रसाद व नया शहर थानों के दो मामलों में फरार चल रहा था।

- **आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में कुल आठ मामले दर्ज हैं**

पुलिस टीम ने माधव पारीक के पास से दो पिस्टल व सात जिंदा कारतूस भी बरामद किए है। पुलिस के अनुसार आने वाले दिनों इनसे जुड़े कई और लोगों की गिरफ्तारी की जा सकती है। आरोप है कि माधव लगातार रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य पैरोल से फरार राहुल रिनाऊ के संपर्क में था और बड़ी वारदात की फिराक में था। पुलिस के अनुसार माधव पारीक ने मध्यप्रदेश से बड़ी मात्रा में हथियार मंगवाए थे जिसको लेकर अलग-अलग थानों में आर्म्स एक्ट के मामले सामने आए हैं।

नया शहर पुलिस थाने में वर्ष 2023 में तपेश चौधरी द्वारा धारा 307 व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया था कि आरोपी माधव ने उसे पर फायरिंग की और जान से मारने का प्रयास किया। इस मामले में माधव पारीक फरार चल रहा था। पुलिस को इनपुट मिला कि आरोपी रोहित गोदारा गैंग से जुड़ा है और बीते दिनों श्रीडूंगरगढ़ में व्यापारी को दी गई धमकी के चलते सिलीगुड़ी में रैकी कर रहा है। पुलिस टीम सक्रिय हुई और सूचनाएं जुटाई गयी। पुलिस टीम ने संदिग्ध स्थानों पर निगरानी की और साईबर सेल के माध्यम से युवक की लोकेशन को ट्रेस किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी युवक दिनभर घर में छुपा रहता था और हुलिया बदलकर रह रहा था। जिसके बाद पुलिस टीम ने भी हुलिया बदलकर एक-एक घर को चिन्हित किया और आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने यूपी, दिल्ली, छत्तीसगढ़, बिहार, जम्मू कश्मीर, काठमांडू, दार्जिलिंग, सिक्किम और सिलीगुडी॰में फरारी काटी।

# खेत-खलिहानों में बीएलओ मतदाता पर्चियां बांटने पहुंचे

## मतदाताओं को ''पहले मतदान फिर जलपान'' का संकल्प दिलाया

**उदयपुर, (निसं)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रेल को होना है, इसके लिए मतदाता पर्चियां बांटने के लिए बूथ लेवल अधिकारी चुनावी कार्य पूरे मनोयोग से निर्वहन कर रहे हैं।

विधानसभा क्षेत्र मावली के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मनसुख डामोर ने बताया कि क्षेत्र में बीएलओ मतदाता पर्चियां वितरित करने के लिए न केवल हर मतदाता तक पहुंचकर पर्चियां बांट रहे हैं, बल्कि मतदाता पर्चियां बांटने के लिए उनके खेत खलिहानों में भी पैदल पहुंचकर पर्चियां बांटकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। मावली में भाग संख्या 246 के बीएलओ मुकेश पालीवाल ने डबोक स्थित रेला मोती खेड़ा में मतदाताओं को उनके कार्यस्थल एवं खेतों में जाकर मतदाता पर्चे वितरित किये। बीएलओ पालीवाल ने ग्रामीणों से आव्हान किया कि जिस प्रकार हम मतदाता पर्ची लेकर आपके पास आए हैं उसी प्रकार आप सभी मतदान दिवस पर प्राथमिकता के साथ निर्धारित मतदान केन्द्र पहुंचें और पूर्ण विवेक से अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने सभी को ''पहले मतदान फिर जलपान'' का संकल्प दिलाया और ग्रामीणों ने भी इस संकल्प को दोहराया।



रेलामोती खेड़ा में मतदाताओं को खेतों में जाकर बीएलओ ने मतदाता पर्ची वितरित की।

# चूरू में मतदान दिवस पर ग्रामीणों में उत्साह की कमी दिखाई दी

**चूरू, (कासं.)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान शुक्रवार को मतदान दिवस पर ग्रामीणों में उत्साह की कमी दिखाई दी। यह बात इसी से स्पष्ट हो जाती है कि शाम 5 बजे तक चूरू जिले में सिर्फ 55.11 प्रतिशत मतदाता ही घरों से निकलकर मतदान केन्द्र पहुंचे तथा मतदान के साथ लेकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाई। कई मतदान केन्द्रों पर जरूर मतदाताओं की कतार नजर आई।

जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी ने बताया कि मतदान दिवस को दोपहर 3 बजे तक 45.15 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 36.31 प्रतिशत, सवेरे 11 बजे तक 23.90 प्रतिशत एवं सवेरे 9 बजे तक 11.25 प्रतिशत मतदान हुआ।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चूरू लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक कौस्तुभ दिवेगांवकर, पुलिस पर्यवेक्षक प्रवीण कुमार तबाजी पाडवाल, व्यय पर्यवेक्षक अख्तर हुसैन अंसारी, जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी, पुलिस अधीक्षक जय यादव सहित अधिकारियों ने स्वतंत्र, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया पर नजर बनाए रखी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तमसिंह शेखावत, प्रशिक्षु आईएएस सक्षम गोयल, डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज गरवा, डॉ. रविन्द्र बुडानिया, डॉ. प्रशान्त शर्मा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने घर में फायरिंग की

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** गांव कालियां में देर रात करीब 11:30 बजे कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर फायरिंग कर दी। आरोपियों ने गाली-गलौच भी की। गनीमत यह रही कि फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ। पीड़ित और आरोपियों के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली यूनियन की किसी बात को लेकर विवाद है। इसी के चलते आरोपी पीड़ित के घर में घुसे और उसके बेटों पर फायरिंग कर दिए। गांव कालियां के दर्शन सिंह पुत्र पूर्ण सिंह ने इस संबंध में मामला दर्ज कराया है।



मयंक यादव लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा हैं। जहां वो अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से विपक्षी टीमों के बल्लेबाजों को परेशान कर रहे हैं। साथ ही सभी को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित भी कर रहे हैं। -जहीर खान

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, मयंक यादव की गेंदबाजी प्रदर्शन पर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **जेसन गिलेस्पी**



**ऑस्ट्रेलियाई** टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी आज (19 अप्रैल) 49 साल के हो गए। गिलेस्पी अपने दौर के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक थे। दाएं हाथ के फास्ट बॉलर गिलेस्पी ने उस दौर में ज्यादातार मुकाबले खेले, जब ऑस्ट्रेलियाई टीम का विश्व क्रिकेट में दबदबा था. गिलेस्पी, ग्लेन मैक्ग्रा और ब्रेट ली की तिकड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को कई मुकाबले जिताए। जेसन गिलेस्पी वैसे तो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज थे, लेकिन एक उनके नाम पर बल्लेबाजी में एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है। गिलेस्पी ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जिसका टूटना लगभग नामुमकिन है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## 12 भारतीय निशानेबाज ओलंपिक कोटे के लिए दोहा में करेंगे स्पर्धा

दोहा, 19 अप्रेल। भारत के 12 निशानेबाज शुक्रवार से शुरु हुई आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक को कोटा हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगे। इस स्पर्धा में टोक्यो ओलंपियन मैराज अहमद खान और अंगदवीर सिंह बाजवा, जो पूर्व एशियाई चैंपियन भी हैं, शीराज शेख के साथ पुरुषों की स्कीट में भारत की चुनौती का सामना करेंगे। महिलाओं की स्पर्धा में गनेमत सेखों पर सबकी निगाहें होंगी। अनुभवी विवान कपूर, ज़ोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन पुरुषों के ट्रैप में तीनों ओर से एक मजबूत चुनौती पेश करेंगे। मनीषा कीर और श्रेयसी सिंह से महिलाओं स्पर्धा में भारत को उम्मीद है। इस स्पर्धा में भारत प्रत्येक वर्ग में तीन निशानेबाज उतारेगा। प्रत्येक व्यक्तिगत स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज (प्रति देश अधिकतम एक), बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने स्पर्धा के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, दोहा से कोटा सुरक्षित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), रायजा ढिल्लों (महिला स्कीट) और अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) को ओलंपिक कोटा हासिल है। प्रत्येक देश हर श्रेणी में अधिकतम दो कोटा प्राप्त कर सकता है।

## ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर एशले गार्डनर ने गर्लफ्रेंड मोनिका से की सगाई

ऑस्ट्रेलियाई, 19 अप्रेल। ऑस्ट्रेलियाई स्टार ऑलराउंडर एशले गार्डनर ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड मोनिका से सगाई कर ली है। दोनों लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रही थीं। गार्डनर ने सोशल मीडिया पर सगाई की जानकारी देकर फैंस को चौंका दिया। एशले गार्डनर महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स की तरफ से खेलती हैं। वहीं एशले गार्डनर ने सगाई की तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, मिसेज गार्डनर के पास खूबसूरत अंगूठी है। दाएं हाथ की बल्लेबाज और दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर गार्डनर महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में न्यू साउथ वेल्स के लिए, महिला बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए और महिला प्रीमियर लीग गुजरात जायंट्स के लिए खेलती हैं। हाल ही में एशले गार्डनर को बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। बता दें कि, एशले गार्डनर मोनिका के साथ साल 2021 से रिलेशनशिप में थीं। साल 2023 टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद एशले गार्डनर ने मोनिका के साथ शादी की घोषणा की थी। वहीं एशले गार्डनर के करियर की बात करें तो, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 6 टेस्ट मैच में 281 रन के साथ 23 विकेट लिए हैं। वहीं 69 वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच में 973 रन बनाने के साथ 89 विकेट अपने नाम कर चुकी हैं। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उन्होंने 88 मैच खेले हैं। इस दौरान 68 विकेट और 1329 रन नबनए हैं ।

## सीन नदी पर पेरिस ओलंपिक का उद्घाटन समारोह चार घंटे तक चलेगा

पेरिस, 19 अप्रेल। सीन नदी पर सूर्यास्त और चांद की चांदनी के साथ पेरिस ओलंपिक का भव्य उद्घाटन समारोह लगभग चार घंटे तक चलेगा। कुल 205 देशों और क्षेत्रों का प्रतिनिधिमंडल सीन नदी पर 80 से अधिक नावों पर परेड करेंगे। यह समारोह धीरे-धीरे पूर्व से पश्चिम की ओर, पुल से पुल तक, पोंट डी ऑस्टरलिट्ज़ से पोंट डी आइना तक छह किलोमीटर (3.7 मील) की दूरी तय करेगा। कार्यक्रम स्थानीय समयानुसार शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी। एथलीटों की परेड से पहले कलात्मक प्रदर्शन होगा। एथलीट तट पर सुरक्षा घेरे के पीछे मौजूद लगभग 320,000 प्रशंसकों के सामने से गुजरेंगे। अन्य लोग महत्वाकांक्षी समारोह को विशाल स्क्रीनों पर देखेंगे। पेरिस खेलों की समारोह निदेशक मैरी-कैथरीन एटोरी ने गुरुवार को एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, "एक शाम के लिए सीन को एक विशाल खुले समारोह में बदल दिया जाएगा।

## दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की चुनौती

नई दिल्ली, 19 अप्रेल। मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवन का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिये अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिये यह बेहद भावुक पल होगा। पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है। ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा। सनराइजर्स के ट्रेविस हेड (235 रन) 39 मैच में शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं। वहीं अभिषेक शर्मा ने भी 211 रन बना लिये हैं। दोनों पावरप्ले में आक्रामक प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। दोनों का स्ट्राइक रेट 199 और 197 रहा है जो ईशांत शर्मा, खलील अहमद और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के लिये कड़ी चुनौती होगा। वहीं हेनरिच क्लासेन का भी स्ट्राइक रेट 199 के करीब रहा है और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर्स में से एक हैं।

# राहुल और डी कॉक के आगे पस्त हुए चेन्नई के गेंदबाज



## लखनऊ ने चौथी दर्ज की, चेन्नई को 8 विकेट से हराया

### राहुल और डी कॉक ने अर्द्धशतक जड़े, चेन्नई के जडेजा ने 57 रन की साहसिक पारी खेली

लखनऊ, 20 अप्रेल। लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में चौथी जीत हासिल कर ली है। टीम ने अपने होमेंग्राउंड पर चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया। मौजूदा सीजन में यह लखनऊ की लगातार दो हार के बाद पहली जीत है, जबकि चेन्नई लगातार दो मैच जीतने के बाद हार मिली है। लखनऊ में होस्ट टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 176 रन बनाए। 177 रन का टारगेट लखनऊ ने 19 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। निकोलस पूरन 23 और मार्कस स्टोयनिस 8 रन बनाकर नाबाद रहे।

कप्तान केएल राहुल ने 53 बॉल पर 82 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि क्विंटन डी कॉक ने 54 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच 134 रन की शतकीय साझेदारी हुई। से मुस्तफिजुर रहमान को एक विकेट मिला।

की ओर से रवींद्र जडेजा ने 40 बॉल पर नाबाद 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि अजिंक्य रहाणे ने 36 रन का योगदान दिया। पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 2 चौके और 2 छक्के के सहारे 9 बॉल पर नाबाद 28 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या को 2 विकेट मिले। मोहसिन खान, यश ठाकुर और मार्कस स्टोयनिस को एक-एक विकेट मिला।

दूसरे छोर पर हरफनमौला रविंद्र जडेजा की साहसिक नाबाद पारी ने न सिर्फ चेन्नई को मुश्किलों के भंवर से निकाला बल्कि मैदान पर बैठे एलएसजी के समर्थकों की भी खूब वाहवाही लूटी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में जडेजा की यह पहली अर्धशतकीय पारी थी जिसमे उन्होने 76 मिनट क्रीज पर रुक कर 40 गेंदों में पांच चौके और एक जानदार छक्के की मदद से नाबाद 57 रन बनाये।

इससे पहले टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही जब रचिन रविंद्र (0) पारी के दूसरे ओवर में ही मोहसिन खान का शिकार बन गये। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (17) भी यश ठाकुर की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। हालांकि सलामी बल्लेबाज आंजिक्य रहाणे (36) का बल्ला इकाना की पिच पर चल निकला। उन्होने 24 गेंदों की अपनी संक्षिप्त पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा।

## दीपक पूनिया और सुजीत कलकल को बड़ा झटका

### ओलंपिक क्वालीफायर खेलने की अनुमति नहीं



दुबई, 19 अप्रेल। टोक्यो ओलंपिक में पदक से चूकने वाले दीपक पूनिया का पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने का सपना टूट गया है। दरअसल, दीपक और उनके साथ सुजीत कलकत को शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी गई है।

इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, दोनों पहलवानों शुक्रवार सुबह 8 बजे के बाद मेजबान शहर बिश्केक पहुंचे। हालांकि, इससे पहले ही वेट इन यानी पहलवानों को अपने शरीर के वजन को रिकॉर्ड करना होता है और दिखना होता है कि वे मानदंडों को पूरा करते हैं। पहले ही शुरू हो चुका था। इस कारण आयोजकों ने दोनों को प्रतियोगिता में अनुमति देने से इनकार कर दिया। भारत का क्वालिफिकेशन अभियान शुक्रवार से शुरू हो गया है, जिसमें 19 अप्रैल 2024 को पुरुषों की फ्रीस्टाइल बाउटें होनी हैं। दीपक पूनिया की गैरमौजूदगी में युवा 57 किग्रा वर्ग के स्टार अमन सहरावत पुरुष टीम को नेतृत्व करेंगे। बता दें कि, दीपक पुनिया और सुजीत कलकल अपने कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ मंगलवार 16 अप्रैल से दुबई हवाई अड्डे में फंसे हुए थे।

बता दें कि, दुबई में हुई रिकॉर्ड बारिश के कारण हवाई अड्डे पर परिचालन गंभीर रूप से बाधित हुआ। इसी के चलते भारतीय पहलवान भी दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुए थे। यूएई सरकार के अनुसार देश में 75 सालों में ये सबसे अधिक बारिश हुई।

## गुकेश को फिर संयुक्त बढ़त, प्रज्ञानानंदा और गुजराती दौड़ से बाहर



अमेरिका, 19 अप्रेल। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढत बना ली लेकिन आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती 12वें दौर के बाद दौड़ से बाहर हो गए। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोज अलीरजा को हराया।

गुकेश और नकामूरा अब रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ शीर्ष पर है जिन्होंने प्रज्ञानानंदा से ड्रॉ खेला। इन तीनों के 7.5 अंक हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि गुजराती के पांच अंक है। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के दो दौर बाकी हैं और उनके लिये शीर्ष तीन में जगह बनाना नामुमकिन है। अलीरजा और अबासोव के 4.5 अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला।

रूस की कैटरीना लागनो ने चीन की टी लेइ को ड्रॉ पर रोका। भारत की कोनेरू हम्पी ने रूस की अलेक्जेंड्रा गारियाश्किना से ड्रॉ खेला जबकि आर वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना एम को हराया। तान के आठ अंक है और लेइ उनसे आधा अंक पीछे हैं। हम्पी, लागनो और गोरियाश्किना छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। वैशाली 5.5 अंक के साथ छठे स्थान पर है। सत्रह वर्ष के गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 1959 में बॉबी फिशर सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे जिन्होंने यह टूर्नामेंट खेला।

## मेघा प्रदीप ने एशियाई नौकायन चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक



टोक्यो, 19 अप्रेल। भारत की मेघा प्रदीप ने शुक्रवार को एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की सी1 500 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जापान के टोक्यों में आयोजित चैंपियनशिप में मेघा प्रदीप ने 2:28.027 का समय लेकर तीसरा स्थान पर रही। वियतनाम की डीप थू हुआंग (02:18.178) और कजाकिस्तान की उलियाना किसेलेवा (02:26.645) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते।

अन्य स्पर्धा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम पुरुषों के सी2 - 500 मीटर फाइनल में छठे स्थान पर रहे और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा प्राप्त करने से चूक गए।

अर्जुन और सुनील ने नौकायन स्पर्धा में 1:49.237 समय में पूरी की। वह इस स्पर्धा को जीतने वाले कजाकिस्तान के सर्गेई येमल्यानोव और तिमुर खैदारोव से 5.024 सेकंड पीछे रहे। सर्गेई येमल्यानोव और तिमुर खैदारोव ने 1:44.213 समय में स्पर्धा जीती।

महिलाओं की के2 500 मीटर स्पर्धा में पार्वती गीता और सोनिया देवी फिरेम्बम ने 2:04.807 का समय के साथ आठवें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा को चीन की शिमेंग यू और यूल चेन की जोड़ी ने जीता। पुरुषों की के2 500 मीटर ओलंपिक वर्ग स्पर्धा में रिम्सन मैरेम्बम और हर्षवर्धन सिंह शक्तावत सेमीफाइनल में चौथे स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।

भारत की नेहा देवी लीचोनबाम और कावेरी ने महिलाओं के सी2 500मीटर फाइनल में प्रतिस्पर्धा की लेकिन अयोग्य घोषित कर दिया गईं। नाओचा सिंह लैटनजाम ने पुरुषों की के1 200 मीटर गैर-ओलंपिक श्रेणी में प्रतिस्पर्धा की, लेकिन फाइनल में जगह नहीं बना सके। भारतीय दल के वरिंदर सिंह (पुरुषों की के1 1000 मीटर) और ज्ञानेश्वर सिंह फिलम (पुरुषों की सी1 1000 मीटर) स्पर्धा में शनिवार को अपनी स्पर्धा करेंगे। फाइनल रविवार को खेला है। प्रोहित बरोई और पार्वती गीता शनिवार को गैर-ओलंपिक मिश्रित के2 500 मीटर फाइनल में हिस्सा लेंगे।

## शाहीन और मेरे बीच भी अच्छी बॉन्डिंग है : बाबर आजम

### शाहीन अफरीदी को कप्तानी से हटाए जाने पर बाबर आजम ने तोड़ी चुप्पी



पाकिस्तान, 19 अप्रेल। पाकिस्तान क्रिकेट टीम मौजूदा समय में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेल रही है। वहीं इस सीरीज में पाकिस्तान की कमान बाबर आजम के हाथों में है। इस सीरीज के शुरू होने से पहले बाबर आजम ने शाहीन अफरीदी को टी20 टीम की कप्तान से जुड़े विवाद पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने साफ किया कि शाहीन की जगह उनके कप्तान बनने से टीम में किसी तरह का कोई मनमुटाव नहीं है। शाहीन और मेरे बीच भी अच्छी बॉन्डिंग है।

बता दें कि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में शाहीन अफरीदी को टी20 की कप्तानी से हटा दिया था। उनके स्थान पर दोबारा बाबर को टीम की कमान सौंपी गई है। बाबर को भारत में हुए वनडे वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद वनडे और टी20 की कप्तानी गंवानी पड़ी थी। इसके बाद उन्होंने टेस्ट की कप्तानी भी छोड़ दी थी। उनके स्थान पर टेस्ट में शान मसूद को जिम्मेदारी सौंपी गई थी जबकि टी20 में शाहीन अफरीदी कप्तान बनाए गए थे। लेकिन, इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड दौरे पर एक टी20 सीरीज के लिए कमान संभालने के बाद शाहीन की भी कप्तान से छुट्टी हो गई। न्यूजीलैंड दौरे पर पाकिस्तान को 5 मैच की सीरीज गंवानी पड़ी थी।

वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 से पहले कहा कि, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि शाहीन और मेरा बंधन हाल का नहीं है ये बहुत पुराना है। हम हर स्थिति में एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। हमारा उद्देश्य पाकिस्तान को पहले स्थान पर रखना है और पाकिस्तान का नाम रोशन कैसे करना है।



## कैस्पर रूड बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

बार्सिलोना, 19 अप्रेल। नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-1, 6-4 से हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये है। रूड की सीजन की यह 26वीं जीत है। इसके साथ ही रूड 2024 में सबसे अधिक टूर-स्तरीय जीत के मामले में जानिक सिनर से आगे निकल गए है। रूड ने शुरुआत में ही शानदार खेल का मुजाहिरा करते हएु 5-0 की बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे सेट के सातवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करने से पहले शुरुआती सेट का समापन किया और एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। रूड का क्वार्टरफाइनल मुकाबले में माटेओ अर्नाल्डी से भिड़ेंगे।

## विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के लिये ग्रेस नींव तैयार कर रहा है हॉकी इंडिया : भरत छेत्री



नई दिल्ली, 19 अप्रेल। भारत के पूर्व गोलकीपर भरत छेत्री ने जमीनी स्तर पर ड्रैग फ्लिकरों और गोलकीपरों को तैयार करने पर जोर देने के लिये शुक्रवार को हॉकी इंडिया की तारीफ की। छेत्री समेत भारत के पूर्व गोलकीपर और ड्रैग फ्लिकर देश भर में राष्ट्रीय अकादमियों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का संचालन करेंगे। इनमें एड्रियन डिसूजा, योगिता बाली, हेलेन मेरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते और पीटी राव शामिल हैं। वहीं ड्रैग फ्लिकरों में रूपिंदर पाल सिंह, गुरजिंदर सिंह, वी आर रघुनाथ और जसप्रीत कौर का चयन किया गया है। छेत्री ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, "भारतीय हॉकी के भविष्य के लिये जमीनी स्तर पर निवेश बहुत जरूरी है। गोलकीपरों और ड्रैग फ्लिकरों के लिये विशेष ट्रेनिंग के जरिये हॉकी इंडिया इन भूमिकाओं के लिये विश्व स्तरीय प्रतिभाओं के उदय होने की ग्रेस नींव तैयार कर रहा है।" हॉकी इंडिया राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग की भी शुरूआत कर रहा है जिसका पहला चरण 30 अप्रैल से नौ मई तक रांची में खेला जायेगा। इसके बारे में छेत्री ने कहा ," यह भारतीय खेलों के लिये अहम पल है।

## रोहित के बाद जहीर ने भी उठाए नियम पर सवाल

नई दिल्ली, 19 अप्रेल। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नजरिए से सहमति जताते हुए पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने गुरुवार को आईपीएल में 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे 'कामचलाऊ ऑलराउंडर' तैयार हो रहे हैं। 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम 2023 सत्र से लागू किया गया जिसमें सभी आईपीएल टीम को मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की स्वीकृति होती है। विशेषज्ञों ने तर्क दिया है कि यह नियम एक ऑलराउंडर की भूमिका को कमतर करता है। शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी को उनकी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स ने केवल पावर हिटर के रूप में इस्तेमाल किया है। दुबे मध्यम गति के गेंदबाज भी हैं और टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के विकल्प के लिए दावेदार हैं लेकिन उन्हें गेंद से अपनी प्रतिभा दिखाने का बामुश्किल मौका मिल रहा है। जहीर ने 'जियो सिनेमा' द्वारा आयोजित ऑनलाइन बातचीत में कहा, "मैं इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि यह बहस का मुद्दा है, थोड़ी चिंता जरूर है। लेकिन हमें इससे निपटने का तरीका ढूंढने की जरूरत है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम में आपको कामचलाऊ ऑलराउंडर मिलेंगे।" विश्व कप 2011 में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले जहीर का मानना है कि मोहम्मद सिराज को टी20 विश्व कप टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ आना चाहिए। उन्हें साथ ही लगता है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी टीम का हिस्सा होना चाहिए। इस 45 वर्षीय बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, "टीम का चयन अब भी दो सप्ताह दूर है लेकिन अर्शदीप एक गंभीर दावेदार है और चयनकर्ता उस पर नजर रख रहे हैं। खलील अहमद, मोहसिन खान और यश दयाल पर भी नजरें रहेंगी।" उन्होंने कहा, "सिराज बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कभी-कभी यह प्रारूप के बारे में होता है। लेकिन वह वापसी करने के लिए सक्षम हैं। मुझे लगता है कि उन्हें टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा होना चाहिए।" टी20 विश्व कप में विकेटकीपिंग की भूमिका कौन निभाएगा, इस सवाल में जवाब में जहीर ने कहा, "मैं उनकी (ऋषभ पंत की) प्रगति से खुश हूं। मुझे यकीन नहीं था कि आईपीएल से पहले इतने लंबे ब्रेक के बाद वह कैसा प्रदर्शन करेंगे। लेकिन पिछले छह-सात मैचों में उनकी प्रगति, उनका नेतृत्व कौशल और विकेटकीपिंग सभी पहलुओं में सफल रही।

## पीएम ने अमरोहा में सभा के दौरान शमी की तारीफ की

अमरोहा, 19 अप्रेल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमरोहा में चुनावी रैली के दौरान भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को याद किया जो घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। लोकसभा चुनाव में अमरोहा में भाजपा के करन सिंह तंवर का मुकाबला कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा की रैली में कहा, क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वह पूरी दुनिया ने देखा हैं। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिये केंद्र सरकार ने भाई मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया हैं। गौरतलब हैं कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अमरोहा के ही रहने वाले हैं। पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने सर्वाधिक 24 विकेट लिये थे।

# जो काम गहलोत ने मु.मंत्री रहते नहीं किया, वैभव वही काम करने की बात कर रहे हैं

## जनता में एक ही सवाल चल रहा है, आखिर भरोसा कैसे करें

- गहलोत भी कहीं ना कहीं यह बात समझ रहे हैं, इसलिए प्रदेश की सिर्फ इसी सीट पर उनका सारा फोकस है।
- गहलोत ने अपने सभी समर्थक नेताओं को इसी सीट पर लगा रखा है।
- लेकिन गहलोत जिस तरह से सचिन पायलट को वैभव के प्रचार अभियान से दूर रखने का प्रयास कर रहे हैं, वो कहीं वैभव की हार का कारण न बन जाए।
- हालांकि पायलट ने साफ कहा था कि, वे वैभव के प्रचार के लिए जालोर जाएंगे, पर वैभव की नामांकन सभा और जालोर में प्रियंका गांधी की सभा से जानबूझ कर पायलट को दूर रखा गया।
- चर्चा है कि, गहलोत नहीं चाहते कि, उनके बेटे की जीत, अगर होती है तो, का थोड़ा सा भी श्रेय सचिन पायलट को मिले, चाहे इसका खामियाजा वैभव की हार ही क्यों ना हो।

जालोर, 19 अप्रेल (कासं)। जालोर सिरोही लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने वचन पत्र जारी किया। वचन पत्र में क्षेत्र की ऐसी कई समस्याओं को दूर करने का वचन दिया गया है जिनका समाधान मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए अशोक गहलोत कर सकते थे पर उन्होंने नहीं किया। अब उन समस्याओं का समाधान करने का वचन उनके पुत्र वैभव क्षेत्र के लोगो दे रहे हैं। इसलिए जनता वैभव गहलोत पर भरोसा नहीं कर पा रही है और गहलोत भी यह बात समझ रहे हैं तभी तो उनका पूरा फोकस इसी सीट पर है और पूरे प्रदेश की नज़रें भी इस सीट पर हैं।

जालोर के स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने मुख्यमंत्री से जवाई पुर्नभरण को लेकर व जवाई बांध के पानी का हक तय करने को लेकर कई बार कहा। लेकिन अभी तक समाधान हुआ। वही रोहट मार्ग, नेशनल हाईवे से जोड़ने, माही परियोजना आदि कार्य गहलोत के कार्यकाल में पूर्ण हो सकते थे। लेकिन उन्होंने नही किये, अब उनका पुत्र वचन पत्र के माध्यम से वचन दे रहे है कि जीते तो ये काम करेंगे लोगों में ऐसी चर्चा है कि मुख्यमंत्री रहते गहलोत यह कार्य पूर्ण नही कर सके तो अब तो उनकी सरकार भी नही है, अब उनका पुत्र उक्त कार्यो का वचन कैसे दे सकता है। वैभव का वचन पत्र भी लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जालोर- सिरोही लोकसभा सीट पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। गहलोत स्वयं ब्लॉक स्तर की बैठके ले रहे हैं और कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर पूरा जोर लगा रहे हैं। गहलोत के नज़दीकी व खास नेता भी वैभव को जिताने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

लेकिन जालोर- सिरोही सीट पर सचिन पायलट का प्रचार के लिए नही आना चर्चा का विषय बना रहा। कुछ दिन पूर्व कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सभा को सम्बोधित करने पहुंची। सभा में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा सहित अन्य गहलोत के मंत्रिमण्डल के कई मंत्री पहुंचे। लेकिन पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट सभा में नही पहुंचे। चर्चा है कि गहलोत जालोर- सिरोही सीट से सचिन पायलट को दूर रखने का प्रयास कर रहे हैं। वैभव की नामांकन सभा में सचिन आने की भी संभावना थी। लेकिन सचिन के घोर विरोधी नेता नामांकन रैली में थे इसलिए सचिन नहीं आए। सचिन पायलट पहले ही कह चुके हैं कि वे वैभव का प्रचार करने जालोर आएंगे। लेकिन नामांकन सभा व प्रियंका गांधी की सभा में सचिन की उपस्थिति दर्ज नही होना यही बताता है कि गहलोत नहीं चाहते कि सचिन पायलट जालोर -सिरोही आएं और वैभव गहलोत का प्रचार करें।

सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत स्वयं सचिन से दूरी बनाकर रखना चाहते हैं। गहलोत को डर है कि सचिन के आने से उनके पुत्र वैभव का चुनावी गणित कहीं उलट न जाए। यही नहीं वे वैभव के चुनाव में सचिन पायलट को कोई श्रेय नहीं देना चाहते हैं। एक साक्षात्कार में कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने भी किसी का भी नाम लिये बिना ही कहा कि वर्ष 2014 में उन्हें टोंक सवाईमाधोपुर या जालोर सिरोही से टिकट मिलने वाला था। लेकिन उनके विरोधियों ने उनका टिकट कटवा दिया था। समझा जाता है कि वैभव का इशारा पायलट की तरफ था।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को जोधपुर में भाजपा कार्यकताओं की बैठक में शामिल हुए। यहां एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट करके बहुत जोश एवं उत्साह के साथ स्वागत किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक अतुल भंसली सहित कई नेता मौजूद थे।*

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने जोधपुर में कार्यकर्ताओं की बैठक ली

## मु.मंत्री ने कहा कि, राजस्थान में भाजपा हैटट्रिक करने वाली है। वर्ष 2014 में 25 सीटें थीं, 2019 में भी 25 सीटें थीं, इस बार और ज्यादा बहुमत से भाजपा 25 सीटें जीतेगी

- जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर स्थानीय भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

जोधपुर, 19 अप्रेल (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल ने जोधपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि, जिस तरह से लोगों में लोकसभा चुनाव को लेकर उत्साह और उमंग है उससे लगता है कि इस बार फिर से राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगाएगी।

जोधपुर में आई.टी.आई. सर्किल रोड स्थित एक होटल में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि, आज जिस तरह से लोगों में उत्साह एवं उमंग है उससे यह सुनिश्चित है कि राजस्थान के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार बहुत बड़े बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनाएंगे।

उन्होंने कहा, 2014 में भी 25 सीटें थीं, 2019 में भी 25 थीं और 2024 में भी बहुत बड़े बहुमत के साथ 25 सीटें आने वाली हैं। पानी के मुद्दे पर भजनलाल ने कहा कि, यह वर्ष पानी के लिए लिया है। जितनी भी लंबित योजनाएं हैं उन सभी योजनाओं को मूर्त रूप देने का काम करेंगे। इस साल ई.आर.सी.पी. योजना, यमुना जल समझौता, हिमाचल से पानी आगे लाना, पंजाब से आने वाली 15 किलोमीटर लंबी नहर, जो कि कच्ची है उसे पूरा करना, वह कार्य भी होगा। साथ ही नर्मदा को भी आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, पानी के लिए राजस्थान के जो स्रोत हैं उनको भी बढ़ाया जाएगा। राजस्थान में सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। हमारे लिए पहला मुद्दा पानी है फिर बिजली। बिजली में भी हम राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि, पानी बिजली सभी को मिलेगी फिर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि उद्योग धंधे बढ़ सकें। जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, शहर विधायक अतुल भंसाली, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, शहर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सालेच, प्रवक्ता जगदीश धाणदिया सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।

### शिक्षक भर्ती ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ईडी को जांच में पता चला कि इन आरोपियों की आरपीएससी की ओर से दिसंबर, 2022 में आयोजित द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक करने में भूमिका है। ईडी ने पूर्व में आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी थी। जहां से आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड बरामद हुए थे। इसके साथ ही ईडी ने अन्य आरोपी बाबूलाल कटारा और अनिल मीणा सहित अन्य की अचल संपत्तियों को अस्थाई रूप से कुर्क किया था।

### पहले चरण में 62.37 फीसदी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पश्चिम बंगाल और मणिपुर में छिटपुट हिंसा की घटनाओं को छोड़कर देश भर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। लोकसभा के पहले चरण के साथ - साथ अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की सभी 60 और सिक्किम विधानसभा की सभी 32 सीटों के चुनाव भी संपन्न हो गये हैं। पहले चरण में कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल पंजीकृत 16.63 करोड़ मतदाताओं में से शुक्रवार को 62.37 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। दूरदराज के इलाकों के निर्वाचन केन्द्रों का मतदान आंकड़ा बढ़ सकता है। आयोग ने आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बहुत से मतदान केन्द्रों पर मतदान का समाप्त होने का समय समाप्त होने पर भी मतदाता कतारों में खड़े थे। निर्वाचन आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट डालने वाले मतदाताओं का अनुपात सर्वाधिक 80.17 प्रतिशत रहा, जबकि बिहार में सबसे कम 48.50 प्रतिशत मतदाता ही वोट डालने निकले। आयोग द्वारा जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 80.17 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 69.13 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 74.21 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 72.10 प्रतिशत वोट पड़े थे।

पुडुचेरी में एक सीट पर 73.50 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 64.77 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 67.15 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 69.47 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.91 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### डी.एम.के. विजय रथ को रोकने की ....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गठबंधन टूट जाने से द्रमुक का काम काफी आसान हो गया।

इस समय तमिलनाडू में मुकाबला दूसरे स्थान के लिए है क्योंकि पहले नम्बर पर द्रमुक है। परन्तु इस विचार को चौथे तत्व सीमान द्वारा चुनौती दी जा रही है, सीमान का नया चुनाव चिन्ह "माईक" है जो पार्टी के नाम के बिल्कुल अनुरूप है जो अपने दमदार विचारों से धूम मचा देता है।

एक मुद्दा है कि राम मंदिर, जिसका मुकाबला करने के लिए उन्होंने भगवान मुरूगन एवं भगवान शिव को मुद्दा बनाया है, जिन्हें ही तमिल भगवान माना जाता है। हालांकि सीमान की पार्टी एन.टी.के. को एक भी सीट मिलने की उम्मीद नहीं है, लेकिन कांटे की टक्कर वाले निर्वाचन क्षेत्रों में यह एक निर्णायक कारक साबित होगी।

द्रमुक की सरकार पिछले तीन वर्षों से प्रदेश स्तर पर अलोकप्रियता व सरकार विरोधी लहर की शिकार हो रही है। परन्तु भाजपा की अति सक्रियता और "आओ और फतह कर लो" की नीति के तहत प्रधानमंत्री का बार-बार तमिलनाडू आना, द्रमुक पर भ्रष्टाचार व वंशवादी राजनीति के आरोप लगाकर हमला करना, यह चतुर चाल तमिलनाडू में विफल हो गई है।

द्रमुक एवं अन्नाद्रमुक पर भाजपा द्वारा भ्रष्टाचार के लिए हमला करना, इलैक्टोरल बॉण्ड पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद हल्का पड़ गया।

भाजपा गठबंधन की कुछ पार्टियों पर पिछले कुछ दशकों में भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके और केन्द्र सरकार ने उनके खिलाफ बहुत ही मामूली कार्यवाही की है। भाजपा के साथ गठबंधन वाले भ्रष्ट आरोपियों में, पी.एम.के. के पूर्व केन्द्रीय मंत्री अम्बुमनी रामदोस हैं जिनकी पत्नी धर्मपुरी सीट से लोकसभा चुनाव में एन.डी.ए. की उम्मीदवार है तथा टी.टी.वी. दिनाकरण (थेनी) जिनको केन्द्रीय जाँच एजेन्सियों ने तिहाड़ जेल में डाल दिया है जिन्हें अन्नाद्रमुक पार्टी के प्रतीक चिन्ह के मुद्दे पर चुनाव आयोग को प्रभावित करने का आरोप हैं।

अभिनेता जोड़ी सरथ कुमार व राधिका जी.एस.टी. में धोखाधड़ी करने के मामले में अभी तक मुकदमें का सामना कर रहे है। यह करीब 8 करोड़ का मामला है जिसमें तत्काल गिरफ्तारी का प्रावधान है, यह लिस्ट लम्बी है। भाजपा का प्रचार अभियान और इसने जो मुद्दे उठाए वे जनता को उत्साहित नहीं कर पाए, उदाहरण के लिए काचातीवू विवाद, जिस पर भारत व श्रीलंका की सरकार के बीच समझौता हो चुका है।

भाजपा ने द्रमुक के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म संबंधी टिप्पणी पर कांग्रेस को शर्मिंदा करने की कोशिश की, पर इससे द्रमुक को ब्राह्मण विरोधी भावनाएं उभारने में मदद मिलीं।

दूसरी ओर स्टालिन ने केन्द्र में तमिलनाडू के साथ वित्तीय आवंटन के मुद्दे पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया आर कहा कि यह संविधान में वर्णित संघवाद के खिलाफ है। इन हालात में अन्नाद्रमुक की कोशिश है कि भाजपा को तीसरे स्थान पर धकेल दिया जाए, लोकसभा चुनावों के नहीं बल्कि विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र। हालांकि, अन्नाद्रमुक जो भी सीट जीतेगी व एन.डी.ए. के खाते में गिनी जाएगी।

### 'अमेठी ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में सी.पी.एम. का समर्थन किया था और कांग्रेस का लोकसभा चुनावों में, इससे यह साफतौर पर जाहिर होता है कि माकपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां राष्ट्र-विरोधी ताकतों के प्रति सहानुभूति रखती है, उन्होंने इस बात को विशेषरूप से रेखांकित किया। केरल प्रदेश में, माकपा और कांग्रेस नेता चुनावों में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं परन्तु ये दिल्ली में एकजुट हैं और ये जनता को धोखा देते हैं। नड्डा ने यह भी कहा कि इंडी गठबंधन की पार्टियों का वैचारिक रूप से दिवाला निकला हुआ है।

# 'ना संविधान को छेड़ेंगे और ना ही आरक्षण हटायेंगे'

## अमित शाह ने कहा कि, भाजपा को अगर संविधान बदलना ही होता तो पिछले 10 सालों में हमारे पास खूब बहुमत था हम बहुत पहले ही ऐसा कर चुके होते

- अमित शाह ने संविधान से पंथनिरपेक्ष (सैक्युलर) शब्द हटाने के आरोपों पर कहा, "सैक्युलर शब्द हटाने की हमें कोई जरूरत नहीं है। इस देश को पंथनिरपेक्ष बनाने का सबसे बड़ा आग्रह बीजेपी का है, इसीलिए हम समान नागरिक संहिता ला रहे हैं।'

गांधीनगर/नई दिल्ली, 19 अप्रेल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के पहले दिन दो टूक कहा कि उनकी पार्टी और भाजपा की सरकार ना तो आरक्षण हटाएगी और ना ही संविधान से सेक्युलर शब्द हटाएगी। गुजरात के गांधीनगर सीट पर नामांकन दाखिल करने के बाद एक इंटरव्यू में अमित शाह ने कहा कि, कांग्रेस ऐसे आरोप लगाकर देशवासियों को गुमराह कर रही है।

उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि, अगर भाजपा को संविधान बदलना होता तो पिछले 10 सालों से उसके पास बहुमत है, वह दस सालों में ऐसा कभी भी कर सकती थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बहुमत का इस्तेमाल अनुच्छेद 370 हटाने में, नागरिकता संशोधन कानून लाने में, तीन तलाक समाप्त करने में किया है। संविधान से पंथनिरपेक्ष (सैक्युलर) शब्द हटाने के आरोपों पर उन्होंने कहा, "सैक्युलर शब्द हटाने की हमें कोई जरूरत नहीं है। इस देश को पंथनिरपेक्ष बनाने का सबसे बड़ा आग्रह भाजपा का है, इसीलिए हम समान नागरिक संहिता ला रहे हैं।" केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा, "कांग्रेस देश को शरिया के नाम पर चलाना चाहती है, इसलिए उन्हें सैक्युलर बनने की जरूरत है, हमें नहीं।" शाह ने कहा कि, हम तो कह रहे हैं कि इस देश का संविधान धर्म के आधार पर होना चाहिए।

अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि जिस तरह से वे कहते फिर रहे हैं कि भाजपा आरक्षण हटा देगी तो ये बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि, भाजपा ना तो आरक्षण हटाएगी और ना ही हटाने देगी। उन्होंने कहा कि, बहुमत का इस्तेमाल कर कांग्रेस ने कई गलत फैसले लिए हैं और अगर आगे भी ऐसा करने की सोचेगी तो भाजपा ऐसा करने नहीं देगी। गृह मंत्री ने संविधान में संशोधन की सरकार की योजना संबंधी अटकलों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, "अगर हमें संविधान बदलना होता, तो हम पहले ही कर सकते थे।" शाह ने कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने संसद में उसे प्राप्त बहुमत का कभी दुरुपयोग नहीं किया। उन्होंने कहा, "हमारे पास दस साल तक जो बहुमत रहा, हमने उसका दुरुपयोग नहीं किया।

### राज्य की बारह ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के पक्ष में वोटिंग प्रतिशत ऊंचा रहा था और भाजपा इस बार यह जोर देकर कह रही है कि उसकी सीटों की संख्या बढ़ेगी, लेकिन ममता बनर्जी निरंतर संघर्ष की मुद्रा में है और खबरें भी संकेत दे रही हैं कि वे अपना जनाधार बनाए रखेंगी। तमिलनाडू के सभी 39 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज मतदान हुआ। यहाँ द्रमुक और कांग्रेस को स्वयं के जीतने की उम्मीद है। चूंकि मोदी का तमिलनाडू और केरल पर अधिक फोकस रहा है, इसलिए भाजपा को तमिलनाडू में कुछ सीटें जीतने की उम्मीद है, लेकिन इस चुनाव में भाजपा को यहाँ कोई कामयाबी मिलना संभव नहीं लगता।

# 'जेल में केजरीवाल को उपलब्ध नहीं कराई जा रही इन्सुलिन'

- आप नेता संजय सिंह ने कहा कि, ऐसा करके एक निर्वाचित मु.मंत्री के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

नई दिल्ली, 19 अप्रैल (वार्ता)। आप ने मोदी सरकार के इशारे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में उनको इंसुलिन नहीं दी जा रही है।

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि भाजपा की कार्य पद्धित और और उनके नेता जिस तरह से काम करते हैं, वह किसी की जान लेने की हद तक षड़यंत्र रच सकते हैं।

केजरीवाल के खिलाफ चल रही कार्रवाई को देखकर कह सकता हूं कि उनके खिलाफ गहरी साजिश रची गई है और जेल में उनके साथ किसी भी तरह का हादसा हो सकता है।

# 'भाजपा देश में विपक्ष को खत्म कर मनमानी करना चाहती है'

## सचिन पायलट टोंक-सवाई माधोपुर में हरीश मीणा के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोले

- पायलट ने टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट के चौथ का बरवाड़ा, बौली, निवाई और खेड़ली में हरीश मीणा के लिए जनसभाएं की।
- पायलट ने खेड़ली व चौथ का बरवाड़ा में हरीश मीणा के समर्थन में रोड शो भी किया, चौथ का बरवाड़ा में सचिन खुद कार चलाते हुए देखे गए।
- पायलट ने जनता से अपील की कि, 26 अप्रैल को पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान अवश्य करें।

बौली, बामनवास, (निस)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा एवं बौली, बामनवास क्षेत्र के खेड़ली गांव में शुक्रवार को टोंक-सवाई माधोपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में आमसभा को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने रोड शो भी किया।

पायलट ने अपने भाषण में भाजपा सरकार पर देश में विपक्ष को खत्म करके मनमर्जी करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह चुनाव देश में बदलाव चाहता है। कभी भी राहुल गांधी, सोनिया गांधी व अन्य कांग्रेस नेताओं ने अपने भाषण में किसी भी पार्टी को समाप्त करने की बात नहीं कही लेकिन भाजपा देश को कांग्रेस मुक्त बनाने की बात करती है। दिल्ली एवं झारखंड के मुख्यमंत्री को जेल में डाल रखा है। चौथ का बरवाड़ा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के हेलीपैड पर उतरने पर कांग्रेस के पूर्व खंडार विधायक अशोक बैरवा, सवाई माधोपुर पूर्व विधायक दानिश अबरार, ब्लॉक अध्यक्ष विमल मीणा सहित अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सचिन पायलट ने चौथ का बरवाड़ा के मुख्य बाजार में स्वयं कार चलते हुए हरीश मीणा के लिए रोड शो किया।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट ने निवाई के ग्राम पंचायत नयागांव की सभा को भी संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरी प्रसाद बैरवा, विधायक इंद्रा मीणा, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा, पूर्व विधायक कमल बैरवा, पीसीसी उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी, टोंक सवाईमाधोपुर से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा सहित हजारों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण व कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे। सचिन पायलट ने अपने संबोधन में कहा कि 26 अप्रेल को पोलिंग बूथ पर पंहुचकर शत प्रतिशत मतदान करें। उन्होंने आरोप लगाया। भाजपा सरकार ने सारे हवाई अड्डे, रेलवे की लाइन, कल कारखाने, बिजली घर सहित सभी विभागों को बेच दिया है। पायलट ने कहा कांग्रेस के घोषण पत्र में प्रत्येक परिवार की महिला को उसके खाते में हर वर्ष 1 लाख रूपए डालने की घोषणा की है, यानि एक लाख रुपए प्रत्येक परिवार को हमारी पार्टी की सरकार बनने के बाद मिलेंगे।



*पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सवाई माधोपुर के बौली-बामनवास क्षेत्र के खेड़ली गाँव में हरीश मीणा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इसके अतिरिक्त पायलट ने खुद कार ड्राइव करते हुये हरीश मीणा के लिए रोड शो भी किया। पायलट के सवाई माधोपुर आगमन पर स्थानीय नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।*

### पंजाब में मरीज के परिजन ने डॉक्टर पर किया जानलेवा हमला

होशियारपुर, 19 अप्रैल (वार्ता) ईएसआई अस्पताल में विवाद के बाद निजी मिल में कार्यरत एक व्यक्ति द्वारा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) डॉ सुनील भगत पर हमला करने के विरोध में शुक्रवार को पंजाब सिविल मेडिकल सर्विसेज (पीसीएमएस) एसोसिएशन, पीसीएमएस स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों और ईएसआई अस्पताल के कर्मचारियों ने ईएसआई अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को ईएसआई अस्पताल में विवाद के बाद निजी मिल में कार्यरत एक व्यक्ति ने एसएमओ डॉ. सुनील भगत पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908